दैनिक **कीर्तिप्रभा**

खबरों के सच का निर्भीक आइना

■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ

वर्ष : 27, अंक : 207 पृष्ठ 12, रीवा

बुधवार 16 अप्रैल 2025

मूल्य : 3.00 रुपए

मध्य प्रदेश परिवहन निगम की बस बुलढाणा में हुई हादसे की शिकार

4 लोगों की मौके पर ही मौत, 15 घायल

बुलढाणा, मंगलवार सुबह महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक बस और ईंटों का परिवहन करने वाले वाहन के बीच गंभीर दुर्घटना होने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि करीब 15 लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। यह भीषण दुर्घटना मंगलवार सुबह बुलढाणा के खामगांव से नांदुरा राजमार्ग पर आमसरी फाटा पर घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त बस मध्य प्रदेश परिवहन निगम की है। एक बस और ईंटों का परिवहन करने वाले वाहन में आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया। स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचित किया। नागरिकों ने घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। इस बीच पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस और ईंट-परिवहन करने वाला वाहन दोनों ही तेज गति से चल रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस और वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद कांच के टुकड़े सड़क पर गिर गए। सड़क पर ईंटें बिखरी हुई थीं। घायल यात्रियों की चीख-पुकार से इलाके में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर खामगांव पुलिस और स्थानीय नागरिक घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को तुरंत खामगांव के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और मृतक की पहचान करने में जुटी है।

बिहार चुनाव को लेकर खड़गे और राहुल गांधी से मिले तेजस्वी, सीएम चेहरे पर अभी भी संशय

नई दिल्ली बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच मीटिंग हुई। इस मीटिंग में महागठबंधन के सीएम फेस को लेकर हुई चर्चा को काफी अहम माना जा रहा है। सीएम फेस के सवाल पर तेजस्वी यादव ने मीटिंग के बाद कहा, हम लोग आपस में बैठ कर तय कर लेंगे।

बिहार विधानसभा चुनाव के चलते आरजेडी की अगुवाई वाले महागठबंधन के साथ कांग्रेस विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार है, लेकिन सीट शेयरिंग और सीएम चेहरे को लेकर गठबंधन के बीच कशमकश बनी हुई है। इसी बीच राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की 15 अप्रैल को मीटिंग हुई जोकि सीएम फेस की चर्चा को लेकर काफी अहम मानी जा रही थी। इस मीटिंग के बाद तेजस्वी

यादव ने कहा, हम लोग आपस में बैठ कर तय कर लेंगे तेजस्वी यादव की राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ दिल्ली में हुई मीटिंग के बाद उन से सीएम फेस को लेकर सवाल पूछा गया। जिस पर तेजस्वी यादव ने कहा, आपलोग चिंतित मत होईए। हम लोग आपस में बैठ कर यह तय कर लेंगे। तेजस्वी यादव ने जहां इस बात की जानकारी नहीं दी कि पार्टी मीटिंग में तेजस्वी यादव का चेहरा सीएम के लिए तय किया गया या नहीं। वहीं, उन्होंने इस बात को बार-बार कहा कि हम लोगों की पूरी तैयारी है। हम सब मिलकर बिहार को आगे लेकर जाएंगे। बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। हम लोग मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। आरजेडी नेता ने सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार हाईजैक हो चुके हैं। एनडीए की सरकार बिहार में नहीं बनने जा रही है।

26/11 हमले से पहले टाल दिया गया था मुंबई अटैक, सीक्रेट दस्तावेज में खुलासा

मुंबई मुंबई आतंकी हमले को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। 26/11 हमले से पहले मुंबई अटैक को एक बार टाला गया था। सीक्रेट दस्तावेजों से इस बात का खुलासा हुआ है। मुंबई अटैक को लेकर दस्तावेज से पता चला है कि आतंकी डेविड हेडली ने हमले से पहले तहव्वुर राणा से मुलाकात की थी। खुद हेडली ने राणा से कहा था कि मुंबई हमले को कुछ समय के लिए टाल दें, क्योंकि समंदर की लहरें शांत नहीं हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकारा, विवादित टिप्पणी करने से बचे

नई दिल्ली सुप्रीम कोर्ट ने दूसरी बार इलाहाबाद हाईकोर्ट को सख्त हिदायत दी कि किसी भी केस में विवादित टिप्पणी करने से बचें। दरअसल हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को रेप के आरोपी को जमानत देकर कहा था, पीड़ित लड़की ने खुद मुसीबत बुलाई, रेप के लिए वहीं जिम्मेदार है।

किसानों को मौसम विभाग ने दी खुशखबरी, मानसून में सामान्य से अधिक होगी बारिश

नई दिल्ली, उत्तर भारत में इनदिनों भीषण गर्मी लू का प्रकोप दिख रहा है। अप्रैल के माह में ही तापमान नए रिकॉर्ड बना रहा है। इस बीच मानसून को लेकर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अच्छी खबर दी है आईएमडी ने बताया कि इस मानसून में भारत में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। वहीं, विभाग ने पूरे मौसम के दौरान अल नीनो की स्थिति की संभावना को खारिज कर दिया।

दिल्ली में ईडब्लूएस प्रमाणपत्र जारी करने पर रोक, रेखा गुप्ता सरकार का फैसला

नई दिल्ली दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को राहत देने वाले ईडब्लूएस प्रमाणपत्र जारी करने पर रोक लगा दी है।

राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

नई दिल्ली, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी और ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के खिलाफ प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट (चार्जशीट) दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई है।

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल चार्जशीट में कांग्रेस से जुड़े सुमन दुबे और अन्य लोगों के नाम भी शामिल हैं। कोर्ट इस मामले पर संज्ञान लेने की प्रक्रिया 25 अप्रैल को शुरू करेगी। यहां बताते चलें कि यह मामला नेशनल हेराल्ड, एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और कांग्रेस नेताओं की निजी कंपनी यंग इंडियन के बीच हुए वित्तीय लेन-देन से जुड़ा है। आरोप है कि कांग्रेस नेताओं ने पार्टी फंड का दुरुपयोग किया। एजेएल की करोड़ों की संपत्ति को यंग इंडियन के जरिए निजी नियंत्रण में लाया गया। ईडी का दावा है कि पार्टी फंड्स का गैरकानूनी तरीके से निजी लाभ के लिए उपयोग किया गया।

यंग इंडियन में कौन हैं हिस्सेदार?

जांच के अनुसार, यंग इंडियन में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 76प्रतिशत हिस्सेदारी है। शेष हिस्सेदारी अन्य कांग्रेस नेताओं और पार्टी से जुड़े लोगों के पास बताई गई है।

ईडी की जांच में क्या सामने आया?

पार्टी फंड्स से एजेएल को लोन देने और बाद में एजेएल की संपत्तियों को यंग इंडियन को ट्रांसफर कराने की प्रक्रिया को धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग करार दिया गया है। ईडी ने दस्तावेज़ों, लेन-देन की जानकारी और संबंधित गवाहों के बयान के आधार पर चार्जशीट तैयार की है।

रॉबर्ट वाड्रा समन मिलने पर पैदल पहुंचे ईडी के दफ्तर

-हरियाणा जमीन सौदे में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

नई दिल्ली, । मंगलवार सुबह कांग्रेस नेता और सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में पूछताछ के लिए पैदल चलकर ही पहुंच गए। वाड्रा को हरियाणा के शिखोपुर में जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए दूसरा समन भेजा गया था। इससे पहले 8 अप्रैल को उन्हें पहला समन भेजा गया था, लेकिन वे उस पर पेश नहीं हो पाए थे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। मंगलवार को सुबह 11 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें हरियाणा के शिखोपुर जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दूसरा समन भेजा। वाड्रा ने सभी को हैरान करते हुए समन मिलने पर अपने घर से ईडी दफ्तर तक पैदल चलकर पहुंच गए। यहां पैदल ईडी के दफ्तर पहुंचने से पहले वाड्रा ने कहा, कि त्मुझे कुछ भी छिपाने की क्या जरूरत है, यह तय है कि मैं जब भी आमजनता की आवाज़ उठाऊंगा, ये लोग मुझे दबाने की हर संभव कोशिश करेंगे, लेकिन इन सब से डरने वाला नहीं हूं।त्य वाड्रा के इस कदम को जहां लोग साहसिक बता रहे हैं वहीं उनकी संभावित राजनीतिक एंट्री से भी जोड़कर देख रहे हैं। यहां बताते चलें कि यह मामला स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी नाम की वाड्रा से जुड़ी कंपनी से संबंधित है, जिसके माध्यम से कथित तौर पर विवादित जमीन सौदे किए गए थे। ईडी का आरोप है कि इस सौदे में गैरकानूनी लेन-देन और मनी लॉन्ड्रिंग की संभावनाएं हैं, जिन्हें लेकर जांच की जा रही है।

क्या है मामला?

ईडी के अनुसार, वाड्रा की कंपनी ने हरियाणा में ज़मीन खरीदी और बेची, जिनमें वित्तीय अनियमितताओं के संकेत मिले हैं। जांच एजेंसी इन सौदों में हुई पैसों की आवाजाही और स्रोतों की बारीकी से जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि कुछ दस्तावेज़ और वित्तीय लेन-देन स्पष्ट नहीं हैं, जिन पर वाड्रा से जवाब मांगा जा रहा है।

पीएम मोदी के निर्देश पर एक्शन, डीसीपी चंद्रकांत मीणा को हटाया

प्रधानमंत्री ने वाराणसी गैंगरेप मामले में जताई थी नाराजगी

वाराणसी,(ईएमएस)। पीएम नरेंद्र मोदी की नाराजगी के बाद वाराणसी गैंगरेप मामले में कमिश्नरेट के वरुणा जोन के डीसीपी चंद्रकांत मीणा को सोमवार रात हटा दिया। उन्हें डीजीपी कार्यालय में स्थानांतरित कर प्रतीक्षा सूची में डाल दिया गया है। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई पांडेयपुर की युवती से गैंगरेप के मामले में हुई है। बता दें बीते दिनों दौरे पर आए पीएम मोदी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

बता दें वाराणसी में लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र की एक 19 साल की युवती से एक हफ्ते तक अलग-अलग जगहों पर गैंगरेप किया गया था। छात्रा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि 23 लड़कों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा की मां की तरफ से एफआईआर कराई गई थी। एफआईआर में 12 नामजद और 11 अज्ञात युवकों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस की एफआईआर में कहा गया कि छात्रा के साथ 29 मार्च को दरिंदगी की शुरुआत हुई थी। सबसे पहले उसे हुक्का बार में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। इसके बाद होटल और अन्य स्थानों पर नशा देकर अलग-अलग युवकों ने दुष्कर्म किया। इस दौरान चलती गाड़ी में भी छात्रा से दुष्कर्म किया गया। 4 अप्रैल को छात्रा को नशे की हालत में सड़क किनारे छोड़कर युवक फरार हो गए। गैंगरेप मामले अब तक 13 युवकों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब भी 10 युवक फरार हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुंछ में सेना के गश्ती दल पर आतंकियों ने की फायरिंग, कोई हताहत नहीं

-सेना और पुलिस ने किया तलाशी अभियान शुरु, लोगों को भी सतर्क रहने को कहा

पुंछ, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के लसाना क्षेत्र में बीती रात संदिग्ध आतंकियों ने सेना की एक टुकड़ी पर फायरिंग की। यह हमला गश्ती पार्टी पर इलाके में निगरानी के दौरान हुआ। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पुंछ-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर तलाशी अभियान शुरु कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में सेना ने बताया कि ऑपरेशन लसाना के तहत सुरनकोट के लसाना इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान आतंकियों से मुठभेड़ भी हुई। इलाके में और जवान भेजे गए हैं और तलाशी अभियान जारी है।

जानकारी के मुताबिक देर रात लसाना क्षेत्र में सेना की एक टोह पार्टी ड्यूटी पर थी। इस दौरान कुछ संदिग्ध आतंकियों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए उन पर फायरिंग कर दी। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद संदिग्ध आतंकी जंगल में भाग गए। इस मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद सेना और पुलिस ने मिलकर पूरे इलाके को घेर लिया है। संदिग्ध आतंकियों की तलाश के लिए जंगल और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी ली जा रही है। स्थानीय लोगों को भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी देने को कहा है।

इस घटना के बाद पुंछ-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। सेना और पुलिस के जवान राजमार्ग पर आने-जाने वाले सभी वाहनों की गहन जांच कर रहे हैं। वाहनों में सवार लोगों की पहचान और सामान की तलाशी की जा रही है। इससे राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात धीमा रहा, लेकिन स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

पिछले हफ्ते किश्तवाड़ जिले में तीन दिन चले आतंकवाद विरोधी अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। इसके अलावा 23 मार्च को कठुआ जिले के सान्याल गांव में पांच आतंकवादियों का एक समूह देखा गया था। यह गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा से सिर्फ 4 किलोमीटर दूर है।

राजस्थान के पूर्व मंत्री प्रताप सिंह के 19 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

, रियल स्टेट कंपनी घोटाले से जुड़ा मामला

जयपुर राजस्थान की राजधानी में मंगलवार सुबह हलचल उस वक्त तेज हो गई जबकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके 19 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। सुबह करीब 5 बजे जयपुर और प्रदेश के अन्य हिस्सों में ईडी की टीमें पहुंचीं। यह कार्रवाई रियल एस्टेट कंपनी पीएसीएल के 48 हजार करोड़ रुपये के घोटाले से जुड़ी बताई जा रही है।

सूत्रों से प्राप्त हो रही जानकारी अनुसार, पीएसीएल घोटाले में प्रताप सिंह खाचरियावास और उनके परिवार के कुछ सदस्यों के नाम पर अवैध धन ट्रांसफर हुआ था। ईडी को संदेह है कि यह पैसा प्रॉपर्टी और अन्य सेक्टर्स में निवेश कर दिया गया। इसी संबंध में एजेंसी ने मंगलवार सुबह यह छापेमारी की है।

छापेमारी की खबर फैलते ही समर्थक जुटे ईडी की छापामार कार्रवाई की खबर जैसे ही फैली, खाचरियावास के जयपुर स्थित सिविल लाइंस आवास पर उनके समर्थक जुटने लगे। यहां कुछ ने ईडी की कार्रवाई का विरोध भी किया।

भारत दूसरा सबसे बड़ा हथियार खरीददार बना,

लेकिन रूस की हिस्सेदारी हुई कम

मेक इन इंडिया के तहत अब स्वदेशी हथियारों पर जोर

नई दिल्ली । वर्ष 2020-24 के बीच भारत ने वैश्विक स्तर पर कुल हथियारों का 8.3 प्रतिशत आयात किया और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार खरीदार बना। पहले स्थान पर यूक्रेन रहा, जो कि 2015-19 की तुलना में 100 गुना ज्यादा हथियार खरीदे। भारत की हथियार खरीद में 2015-19 की तुलना में 9.3 प्रतिशत की गिरावट हुई, जबकि 2019-23 के दौरान यह आंकड़ा 10 प्रतिशत था। गिरावट के बावजूद रूस भारत का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बना रहा, लेकिन उसकी हिस्सेदारी कुछ कम हो गई। अब भारत के कुल आयात का 64 प्रतिशत हिस्सा स्वदेशी और पश्चिमी देशों से मिलकर आता है। रूस की वैश्विक हथियार बिक्री में भी 64 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने से पहले ही शुरू हो गई थी। भारत और चीन जैसे देशों से कम ऑर्डर मिलने के कारण रूस की हिस्सेदारी 7.8 प्रतिशत पर आ गई।

भारत लंबे समय से रूस का बड़ा हथियार खरीदार रहा है। 2000 से 2019 के बीच भारत ने अपने 62 प्रतिशत हथियार रूस से लिए थे और यह रूस के कुल हथियार निर्यात का 32 प्रतिशत हिस्सा था। लेकिन अब मोदी सरकार के आने के बाद स्वदेशी रक्षा निर्माण की ताकत बढ़ रही है। मेक इन इंडिया के तहत भारत रक्षा उत्पादन के मामले में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 1.27 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जबकि रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ के शीर्ष पर पहुंचा।

अमेरिका, फ्रांस, इज़राइल और अन्य पश्चिमी देशों से सहयोग बढ़ने से भारत के पास विकल्प भी बढ़े हैं। भारत ने फ्रांस से राफेल और स्कॉर्पीन पनडुब्बी, अमेरिका से एमक्यू-9ए ड्रोन, अपाचे और चिनूक हेलिकॉप्टर, एम-777 तोपें खरीदी हैं। इज़राइल से भी भारत ने स्पाइक मिसाइल, फाल्कन सिस्टम और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीकें हासिल की हैं।

मेहुल चौकसी को भारत लाने की कवायद तेज, बेल्जियम जाएंगे 6 अधिकारी

नई दिल्ली(ईएमएस)। देश में करीब 13 हजार करोड़ का घोटाला करने के आरोपी मेहुल चौकसी पर अब और अधिक शिकंजा कस दिया गया है। उसे बेल्जियम से भारत लाने के लिए अधिकारी लगातार प्रयास कर रहे हैं। ऐसे ही प्रयासों के बीच तय किया गया है कि 6 अधिकारियों को बेल्जियम भेजा जाए। भगोड़े चौकसी की कोर्ट में सुनवाई से पहले ईडी और सीबीआई बेल्जियम जाने को तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सीबीआई और ईडी ने बेल्जियम जाने वाले अधिकारियों की लिस्ट तैयार कर ली है। जल्द ही ये अधिकारी रवाना हो सकते हैं।

सूत्रों ने बताया कि कुछ समय पहले ही उसके खिलाफ इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस को हटा दिया गया था और तभी से भारतीय एजेंसियां उसे प्रत्यर्पण के माध्यम से भारत लाने के प्रयास में लगी हैं। भारत और बेल्जियम के बीच लंबे समय से प्रत्यर्पण संधि है सीबीआई और ईडी के आग्रह पर ही मेहुल चौकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक वह स्विट्ज़रलैंड भागने की फिराक में था। प्रत्यर्पण का आग्रह करने के बाद चौकसी को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के मुताबिक सीबीआई और ईडी से तीन-तीन अधिकारियों को बेल्जियम भेजा जाएगा। उनके चयन के बाद कागजात बनाए जाएंगे।

संक्षिप्त खबरें

न्यूटन स्कूल में कोडिंग परीक्षा

नई दिल्ली। न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने कोडिंग और फंडामेंटल प्रोग्रामिंग स्किल्स कौशल पर केंद्रित भारत की पहली यूजी प्रवेश परीक्षा कोडिंग ऐनसैट की घोषणा की है। रियल-वर्ल्ड प्राब्लम को हल करने और प्रोग्रामिंग दक्षता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह कोडिंग ऐंट्रेंस पारंपरिक शैक्षणिक अंकों के बजाय कौशल और क्षमता के आधार पर मूल्यांकन करेगा जिससे विद्यार्थियों को अपने कौशल को और बढ़ाने का अवसर हासिल होगा। इस मौके पर न्यूटन स्कूल के सह-संस्थापक सिद्धार्थ माहेश्वरी ने कहा, 'इच्छुक लोग सोनीपत, पुणे व बैंगलोर के कैम्पस में न्यूटन स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

प्रैट एंड व्हिटनी के नए कंट्री हेड

मुंबई। विमान इंजन बनाने वाली प्रैट एंड व्हिटनी ने आशीष सराफ को भारत में उपाध्यक्ष और 'कंट्री हेड' नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, सराफ भारत में सभी रणनीतिक विकास और परिवर्तन प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। इसमें कहा गया, वे थेल्स से प्रैट एंड व्हिटनी में शामिल हुए हैं, जहां उन्होंने एयरोस्पेस, रक्षा, बायोमेट्रिक्स, साइबर सुरक्षा और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर सहित थेल्स इंडिया के सभी व्यवसायों के लिए 'कंट्री डायरेक्ट' और चेयरमैन के रूप में कार्य किया है। सराफ देश में प्रैट एंड व्हिटनी के इंजीनियरिंग, आपूर्ति, ग्राहक सेवा व संचालन आदि का दायित्व संभालेंगे।

निवेश करेगी एक्सेल

नई दिल्ली। उद्यम पूंजी कंपनी एक्सेल हाल ही में घोषित 65 करोड़ अमेरिकी डालर के कोष का उपयोग अगले दो-तीन साल में कृत्रिम मेधा (एआई) और प्रौद्योगिकी-आधारित औद्योगिकीकरण पर केंद्रित स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए करेगी। एक्सेल के भागीदार प्रशांत प्रकाश ने कहा कि कंपनी की नजर इस साल 20-25 स्टार्टअप निवेश पर है, और वह भारत के बढ़ते नवाचार परिदृश्य का लाभ उठाने के लिए तेजी से प्रयास कर रही है। प्रकाश ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, ''यदि आप एक स्टार्टअप उद्यमी हैं, तो शुरुआत करने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता।

गोदरेज ने अधिग्रहण किया

नई दिल्ली। गोदरेज इंडस्ट्रीज के रसायन कारोबार ने सवाना सर्फैक्टेंट्स के फूड एडिटिव कारोबार का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। गोदरेज समूह की कंपनी ने बयान में कहा, 'ओलियो केमिकल्स, सर्फैक्टेंट्स, स्पेशियलिटीज और जैव-प्रौद्योगिकी क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी के तौर पर यह लेनदेन वैश्विक स्तर पर खाद्य और पेय पदार्थ उद्योग में अपने उत्पाद की पेशकश का विस्तार करने में मदद करेगा।' गोदरेज इंडस्ट्रीज (केमिकल्स) के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विशाल शर्मा ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी के दृष्टिकोण और लाभदायक एवं टिकाऊ तरीके से बढ़ने की रणनीति के अनुरूप है।

नकली उत्पादों से निपटने के लिए उपभोक्ता संरक्षण अभियान

मुंबई। प्रसिद्ध स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन ब्रांड मसलटेक ने व्यापक उपभोक्ता संरक्षण अभियान शुरू किया है। बाजार में नकली उत्पादों की बढ़ती उपस्थिति को देखते हुए इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य अपने ग्राहकों को असली मसलटेक उत्पादों की पहचान करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। मसलटेक इसके लिए वीडियो की एक श्रृंखला पेश की है। इनके माध्यम से उपभोक्ता पाँच आसान चरणों का पालन करके मसलटेक उत्पादों की प्रामाणिकता सुनिश्चित कर सकते हैं। सबसे पहले, उत्पाद की पैकेजिंग पर जीएमसी होलोग्राम का निरीक्षण करें। फिर होलोग्राम को छीलकर देखें कि उसके नीचे वोएड शब्द दिखाई देता है या नहीं। तीसरा चरण उपभोक्ताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करता है कि वे खरीदे गए उत्पादों के बैच नंबर और निर्माण तिथियों की पुष्टि मसलटेक की ग्राहक सेवा से करें। चौथे चरण में उपभोक्ताओं को आधिकारिक मसलटेक ऐप का उपयोग करके उत्पाद पर मौजूद क्यूआर कोड को स्कैन और अपलोड करने के लिए कहा जाता है। अंत में उपभोक्ता उत्पाद के लेबल की सावधानीपूर्वक जाँच करें ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि उसमें एमआरपी अनिवार्य फसाई नंबर दोनों शामिल हैं, जो प्रामाणिक मसलटेक उत्पादों की पहचान हैं। (एजेंसियां)

मजबूत बिक्री से खाली पड़े अनबिके घरों की संख्या में कमी

नई दिल्ली (भाषा)।

देश के सात प्रमुख शहरों में मजबूत बिक्री के दम पर जनवरी-मार्च तिमाही के अंत में खाली पड़े अनिबिके घरों की संख्या सालाना आधार पर चार प्रतिशत की गिरावट के साथ करीब 5.6 लाख इकाई रह गई।

रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, मार्च, 2025 के अंत तक सात प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या घटकर 5,59,808 इकाई रह गई। यह आंकड़ा मार्च, 2024 के अंत तक 5,80,895 इकाई था। ये सात शहर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे है।

आंकड़ों के अनुसार, 40 लाख रुपये से कम कीमत वाले खाली घरों की संख्या मार्च के अंत तक 19 प्रतिशत घटकर 1,12,744 इकाई रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,39,905 इकाई थी। वहीं 40-80 लाख रुपये की कीमत वाले बिना बिके मकान 1,57,741 इकाई रहे, जो मार्च, 2024 में 1,74,572 इकाई थे। 80 लाख रुपये से 1.5 करोड़ रुपये की श्रेणी के मकान की संख्या 1,75,293 इकाइयों से मामूली रूप से बढ़कर 1,76,130 इकाई हो गई।

वही 1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले खाली घरों की संख्या 91,125 इकाई से 24 प्रतिशत बढ़कर 1,13,193 इकाई हो गई। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, 'लक्जरी आवास पिछले दो से तीन वर्ष में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला खंड रहा है। इसकी प्रमुख वजह पिछले एक से दो वर्ष में महत्वपूर्ण आपूर्ति मानी जाती है।' उन्होंने कहा कि किफायती आवास को वैश्विक महामारी के कारण सबसे अधिक नुकसान का सामना करना पड़ा है, क्योंकि शीर्ष सात शहरों में इस खंड में बिक्री व नई पेशकश में कमी आई है।

पुरी ने कहा कि पिछले पांच साल में कुल बिक्री के साथ-साथ कुल पेशकश में किफायती या सस्ते मकानों की हिस्सेदारी घट रही है।

शीर्ष सात शहरों में घरों की बिक्री जनवरी-मार्च, 2025 में 28 प्रतिशत घटकर 93,280 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 1.30 लाख इकाई से अधिक था। वहीं जनवरी-मार्च, 2025 में शीर्ष सात शहरों में 1,00,020 इकाइयों की पेशकश की गई, जो एक साल पहले की समान अवधि के 1,10,865 इकाई से 10 प्रतिशत कम है।

पेट्रोल पंप व मेडिकल स्टोर भी चला सकती है सहकारी समितियां

भोपाल (भाषा)।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंप और मेडिकल स्टोर जैसी सेवाएं संचालित कर सकती है।

यादव ने यहां रविवार को राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'अब सहकारी समितियां पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर और अन्य सेवाएं भी संचालित कर सकती है।

फरवरी में मध्य प्रदेश में वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान सहकारी समितियों के माध्यम से भी फैक्ट्रियों को चलाने के लिए समझौते हुए थे।'

गैस उपभोक्ताओं के लिए नए मीटर नियम लाने की कवायद

■ नए नियमों के तहत मीटर को सत्यापित कराना अनिवार्य करने की तैयारी

■ मौजूदा समय में इस्तेमाल किए जा रहे मीटरों को सत्यापित कराने की भी मिलेगी सुविधा

नई दिल्ली (भाषा)।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि सरकार ने सभी घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक गैस मीटर का कारोबार में इस्तेमाल किए जाने से पहले परीक्षण, सत्यापन और मुहर लगाने की जरूरत वाले नए नियमों का मसौदा तैयार किया है।

कानूनी माप-विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के तहत प्रस्तावित इन नियमों के मसौदे का उद्देश्य गैस की माप में सटीकता और विश्वसनीयता लाना, बिल से जुड़े विवादों को रोकना और उपभोक्ताओं को दोषपूर्ण उपकरणों से बचाना है। मंत्रालय ने बयान में कहा, 'सत्यापित और मुहर लगे गैस मीटर अधिक शुल्क लेने या कम माप लेने से रोकेंगे, विवादों को कम करेंगे और दोषपूर्ण या हेराफेरी वाले उपकरणों के खिलाफ उपभोक्ताओं को गारंटीशुदा सुरक्षा प्रदान करेंगे।' इसमें कहा गया है कि उपभोक्ताओं को उचित बिलिंग, बेहतर ऊर्जा दक्षता और मानकीकृत उपकरणों से कम रखरखाव लागत का लाभ मिलेगा।

नियमों के मसौदे के तहत उपयोग किए जा रहे मीटर के दोबारा सत्यापन के प्रावधान भी किए गए है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय विधिक माप-विज्ञान संगठन के मानकों के अनुरूप निर्माताओं और वितरण कंपनियों के लिए अनुपालन ढांचा स्थापित किया गया है। मंत्रालय ने भारतीय विधिक मापविज्ञान संस्थान, उद्योग विशेषज्ञों, उपभोक्ता संगठनों, निर्माताओं, परीक्षण प्रयोगशालाओं और राज्य प्राधिकरणों के साथ परामर्श के बाद नियमों को तैयार किया है।

बयान के मुताबिक, नियमों को लागू करने से जुड़े बदलाव की अवधि में उद्योग और अधिकारियों को 'गैस आपूर्ति बाधित किए बिना या उपभोक्ताओं या व्यवसायों पर बोझ डाले बगैर कार्यान्वयन के लिए तैयारी करने का समय मिलेगा।

अमेरिकी शुल्क की घोषणा के बाद से निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपये घटी

नई दिल्ली (भाषा)।

बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत की गिरावट से महीने की शुरुआत से अभी तक निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपये घट गई है। अमेरिकी प्रशासन की शुल्क योजना की घोषणा और चीन तथा अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध की बढ़ती चिंताओं के कारण शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है।

बीएसई सेंसेक्स में दो अप्रैल से अभी तक 1,460.18 अंक या 1.90 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। अनिश्चितता के चलते इस अवधि में बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 11,30,627.09 करोड़ रुपये घटकर 4,01,67,468.51 करोड़ रुपये रह गया है। हालांकि, अमेरिका के अतिरिक्त आयात शुल्क के अपने फैसले को 90 दिन के लिए टालने के बाद बाजार में शुक्रवार को करीब दो प्रतिशत का उछाल आया था।

बाजार 10 अप्रैल को महावीर जयंती और 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती पर बंद भी रहे। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, '' अमेरिका के दुनिया पर व्यापक स्तर पर जवाबी शुल्क की घोषणा के बाद नए वित्त वर्ष की शुरुआत में बाजारों में उतार-चढ़ाव रहा।

यूपी में नया संयंत्र लगाने को फाक्सकान की बातचीत जारी

■ यमुना एक्सप्रेस वे पर हो सकता है भूमि आवंटन

नई दिल्ली (भाषा)।

उत्तर प्रदेश सरकार और आईफोन विनिर्माता फाक्सकान के बीच राज्य में एक इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए चर्चा चल रही है। इस घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने यह जानकारी दी।

चिप बनाने के लिए एचसीएल-फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम 'वामा सुंदरी' के लिए जमीन आवंटन को अंतिम रूप देते समय 'इन्वेस्ट यूपी' ने फाक्सकान को उक्त निवेश का प्रस्ताव दिया था। एक सूत्र ने बताया, 'उत्तर प्रदेश सरकार इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से राज्य में इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए फाक्सकान के साथ चर्चा कर रही है। चर्चा के दौरान, राज्य सरकार ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के तहत 300 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की बात कही।' केंद्र के एक आधिकारिक सूत्र ने भी पुष्टि की कि उत्तर प्रदेश में फाक्सकान की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए चर्चा शुरू हो गई है। बातचीत में शामिल एक अन्य सूत्र ने बताया, 'चर्चा बहुत शुरुआती चरण में है। इस बात पर कोई चर्चा नहीं हुई है कि फाक्सकान किस प्रकार के उत्पादों का विनिर्माण करेगी।' इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार को भेजे गए सवालों का जवाब नहीं मिला, जबकि फाक्सकान ने इस घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी नहीं की।

सरकार ने यीडा के सेक्टर-28 में वामा सुंदरी परियोजना के लिए पहले ही 48 एकड़ जमीन आवंटित कर दी है। संयुक्त उद्यम के तहत शुरू में आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण (ओएसएटी) सुविधा स्थापित करने के लिए 3,706 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इससे 4,000 जाब पैदा होने की उम्मीद है।

दो वर्षों में 40 हजार करोड़ हो सकता है सिप के तहत मासिक निवेश

नई दिल्ली (भाषा)।

यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मधु नायर ने कहा कि बढ़ती खर्च योग्य आय और अनुशासित निवेश के बारे में बढ़ती जागरूकता से अगले 18-24 महीने में म्यूचुअल फंड उद्योग में मासिक सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) प्रवाह 40,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

एसआईपी प्रवाह मार्च में 25,925 करोड़ रुपये रहा, हालांकि अमेरिकी शुल्क में लगातार बदलावों के कारण बाजार में अस्थिरता बढ़ने से पिछले चार महीनों में उद्योग में गिरावट का रुख देखा गया है।

इस अल्पकालिक गिरावट के बावजूद व्यापक उद्योग का रुख आशावादी बना है। वित्त वर्ष 2024-25 में औसत मासिक एसआईपी प्रवाह बढ़कर 24,113 करोड़ रुपये हो गया, जो उससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 16,602 करोड़ रुपये से उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्शाता है।

यह वृद्धि खुदरा निवेशकों की बढ़ती परिपक्वता को उजागर करती है, जो व्यवस्थित निवेश के लाभों को तेजी से पहचानते है। हालांकि, एसआईपी खाता संख्या में मामूली कमी आई है, जो मार्च 2024 में 8.4 करोड़ से मार्च 2025 में 8.11 करोड़ हो गई।

प्रबंधन अधीन एसआईपी परिसंपत्तियों में वृद्धि जारी रही, जो पिछले साल पंजीकृत 10.71 लाख करोड़ रुपये की तुलना में मार्च 2025 में 13.31 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। उद्योग को लेकर अपने आशावादी रुख को स्पष्ट करते हुए नायर ने निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल कर व्यवस्था की शुरुआत और बाजार मूल्यांकन में सुधार का हवाला दिया।

उन्होंने कहा कि इन कारकों से अधिक लोगों को एसआईपी शुरू करने या अपने योगदान को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित होने की संभावना है।

वही एक अप्रैल 2025 से लागू होने वाली नई कर व्यवस्था के तहत, सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को आयकर से छूट दी गई है। खर्च योग्य आय में इस पर्याप्त वृद्धि से घरेलू बचत में वृद्धि होने की उम्मीद है, जो एसआईपी जैसे दीर्घकालिक निवेशों में बढ़ेगी।

एसआईपी खुदरा निवेशकों के बीच एक पसंदीदा निवेश साधन बना हुआ है, जो लोगों को म्यूचुअल फंड योजनाओं में नियमित अंतराल पर छोटी राशि (250 रुपये से शुरू होने वाली राशि) का निवेश करने का मौका देती है। यह अनुशासित दृष्टिकोण न केवल एकमुश्त निवेश के बोझ को कम करता है, बल्कि समय के साथ बाजार की अस्थिरता को कम करने में भी मदद करता है।

वही म्यूचुअल फंड उद्योग मुख्य रूप से निवेश के लिए एसआईपी पर निर्भर करता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में वित्त वर्ष 2024-25 में 4.17 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 1.84 लाख करोड़ रुपये से काफी अधिक है।

इस पर्याप्त वृद्धि का श्रेय मजबूत उद्योग आय, अनुकूल वृहद आर्थिक स्थितियों तथा पसंदीदा परिसंपत्ति वर्ग के रूप में इक्विटी की ओर निरंतर रुझान से प्रेरित निवेशक भावना में सुधार को दिया जा सकता है।

एसआईपी प्रवाह में नियमित मासिक वृद्धि से उद्योग को अपनी प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) मार्च 2025 में 23 प्रतिशत बढ़ाकर 65.74 लाख करोड़ रुपये करने में मदद मिली, जो मार्च 2024 में 53.40 लाख करोड़ रुपये था।

पाक को विदेश में बसे अपने नागरिकों से मार्च में रिकार्ड 4.1 अरब डालर मिले

इस्लामाबाद (भाषा)।

पाकिस्तान को उसके विदेश में बसे नागरिकों से मार्च में रिकार्ड 4.1 अरब डालर प्राप्त हुए है। डालर की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान को किसी माह में मिला यह सबसे ऊंचा 'रेमिटेंस' का आंकड़ा है।

स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के प्रमुख जमील अहमद ने पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कहा कि विदेशों में रह रहे पाकिस्तानी श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन में फरवरी, 2025 में सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई है, जो 3.12 अरब डालर तक पहुंच गया।

लोढ़ा बंधुओं ने ब्रांड विवाद सुलझाया

मुंबई (भाषा)। मैक्रोटेक डेवलपर्स के प्रमख अभिषेक लोढ़ा ने अपने छोटे भाई की कंपनी 'हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' (एचओएबीएल) के साथ चल रहे ट्रेडमार्क एवं ब्रांड विवाद को सुलझा लिया है। दोनों भाइयों के बीच हुए समझौते के मुताबिक, मैक्रोटेक डेवलपर्स पहले की तरह 'लोढ़ा' ब्रांड का इस्तेमाल करना जारी रखेगी, जबकि छोटा भाई 'हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' ब्रांड के तहत काम करना जारी रखेगा। माता-पिता के मार्गदर्शन में दोनों भाइयों के बीच यह समझौता हुआ है।

इसके अलावा अभिषेक और अभिनंदन दोनों ही इस मामले में एक-दूसरे के खिलाफ किसी भी तरह का कोई दावा नहीं करेंगे। जनवरी में मैक्रोटेक डेवलपर्स ने एचओएबीएल के खिलाफ ट्रेडमार्क उल्लंघन के लिए बंबई उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर करने के साथ ही उचित रोक लगाने, राहत और हर्जाने की अपील की थी।

मैक्रोटेक डेवलपर्स और एचओएबीएल ने अलग-अलग बयानों के माध्यम से लोढ़ा ब्रांड के उपयोग पर जारी विवाद को सुलझाने की सूचना दी है। बयान के मुताबिक, 'एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में बड़े भाई अभिषेक लोढ़ा एवं छोटे भाई अभिनंदन लोढ़ा और उनकी अगुवाई वाली कंपनियों ने अपने माता-पिता के मार्गदर्शन में सभी लंबित विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है।'

समझौते के मुताबिक सूचीबद्ध इकाई मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड के पास 'लोढ़ा' और 'लोढ़ा समूह' ब्रांड नामों का स्वामित्व है और उनके इस्तेमाल का इसे विशेष अधिकार है। वहीं अभिनंदन लोढ़ा 'हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' ब्रांड नाम के मालिक है और उनके पास इसके उपयोग का विशेष अधिकार है। बयान में यह स्पष्ट किया गया है कि 'लोढ़ा समूह' और 'हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' का एक-दूसरे से कोई संबंध नहीं है। दोनों ही संस्थाएं इसके बारे में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करेंगी। इसके अलावा अभिनंदन लोढ़ा के पास लोढ़ा समूह या मैक्रोटेक डेवलपर्स या अभिषेक लोढ़ा के अन्य व्यवसायों में कोई अधिकार या दावा नहीं है।

वाहन शुल्क पर अस्थायी रोक लगा सकता है अमे?रिका

वाशिंगटन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह वाहन उद्योग पर लगाए गए शुल्क पर अस्थायी रोक लगाने पर विचार कर सकते हैं, ताकि कार विनिर्माताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को समायोजित करने का समय मिल सके। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से चर्चा में कहा ?कि मैं कुछ कार कंपनियों की मदद करने के बारे में सोच रहा हूं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने कहा कि वाहन विनिर्माताओं को कनाडा, मैक्सिको और अन्य स्थानों से उत्पादन स्थानांतरित करने के लिए समय की जरूरत है क्योंकि वे उनका विनिर्माण वहां करना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें थोड़ा समय चाहिए तो मैं ऐसी चीजों के बारे में बात कर रहा हूं। फोर्ड, जनरल मोटर्स और स्टेलांटिस का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था अमेरिकन ऑटोमोटिव पॉलिसी काउंसिल के अध्यक्ष ने कहा कि समूह ट्रंप के घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लक्ष्य से सहमत है। इस बात को लेकर जागरूकता बढ़ रही है कि व्यापक शुल्क एक समृद्ध और बढ़ते अमेरिकी वाहन उद्योग के विनिर्माण के हमारे साझा लक्ष्य को कमजोर कर सकता है, इनमें से कई आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव में समय लगेगा।

श्री गणेश शिक्षा समिति अमहा सीधी (म0प्र0) द्वारा संचालित

कमला मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन पड़रा, सीधी (म0प्र0)

संबंध अवधेश प्रताप विश्वविद्यालय रीवा

मो.नं.— 7009903911 Email id - kmcsidhi@gmail.com

:: आवश्यकता है ::

निम्न पदों पर कॉलेज कोड — 28, परिनियम — 27 मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार नियुक्ति एवं एन.सी.टी.ई के मापदण्ड के अनुसार दिनांक 17.04.2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। यूजीसी एवं एनसीटीई द्वारा निर्धारित आर्हता प्राप्त आवेदन पत्र ही स्वीकार्य किये जायेगे। यूजीसी/ एन.सी.टी.ई के नियमानुसार वेतनमान मध्यप्रदेश शासन के अनुसार आरक्षण अधिनियम लागू होगा। इच्छुक अभ्यार्थी स्वप्रमाणित अंकसूची , अनुभव प्रमाण पत्र , पासपोर्ट साईज के 2 रंगीन फोटो व अन्य योग्यता संबंधी अभिलेख आवेदन पत्र के साथ दिनांक 17.04.2025 तक स्वीकार्य कियें जायेगे।

क्रमांक	पद का नाम	पद संख्या	आवश्यक योग्यता
01	प्राचार्य विभागाध्यक्ष	01	किसी भी विषय मे 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर एम.एड.शिक्षा में पी.एच.डी. 10 वर्ष का शिक्षण अनुभव
02	व्याख्याता	12	55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर एम.एड.
03	व्याख्याता फाइन आर्ट (ललित कला)	01	55 प्रतिशत अंको के साथ एम.एफ.ए.
04	व्याख्याता निष्पादन कलाऐं (संगीत/नृत्य/रंगमच)	01	55 प्रतिशत अंको के साथ संगीत/नृत्य/रंगमच
05	क्रीडा अधिकारी	01	55 प्रतिशत अंको के साथ एम.पी.एड.

अध्यक्ष शासी निकाय श्री गणेश शिक्षा समिति पड़रा सीधी (म0प्र0)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 1278 /न.पा.नि / राजस्व/2023-24 रीवा दिनांक 15/04/2025

अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खन्ना टॉकीज रोड पुरानी दूकान जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है मे निर्मित दूकान क्रमांक 07 (भूतल) श्री पंकज जौहरी पिता श्री श्याम सुन्दर जौहरी को 35 माह के लिए किराये पर आबंटित है। जिसका नामांतरण श्री तस्नीफुद्दीन व मोहम्मद फैसल पिता स्व श्री फकरुद्दीन निवासी 21/75 हजरत शमशाह स्टीत छोटी दरगाह के पास कटरा रीवा (म. प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 25.01.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त दूकान क्रमांक 07 (भूतल) के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदक श्री पंकज जौहरी के आवेदन अनुसार दूकान क्रमांक 07 (भूतल) का नामान्तरण श्री तस्नीफुद्दीन व मोहम्मद फैसल पिता स्व श्री फकरुद्दीन निवासी 21/75 हजरत शमशाह स्टीत छोटी दरगाह के पास कटरा रीवा (म. प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी

उपायुक्त (राजस्व)
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

सीधी, सिंगरौली प्रभा

मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

जिले में अयोजित हुई जनरल परेड'

पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मैहर डॉ चंचल नागर की उपस्थिति मे जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड का संचालन सूबेदार नृपेंद्र सिंह द्वारा किया गया। जनरल परेड में एसडीओपी अमरपाटन प्रतिभा शर्मा निरीक्षक रेनू मिश्रा अभिषेक सिंह परिहार के एन बंजारे सहित जिले के थानों एवम पुलिस लाइन का बल उपस्थित रहा।

गौवंश संरक्षण अंतर्गत ग्रामपंचायत समिति का गठन किया गया

सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गौवंश संरक्षण अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार सरपंच/उपसरपंच समिति के अध्यक्ष होंगे।

कलेक्टर ने सुनी 103 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

सीधी नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 103 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए।

मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 29 आवेदन

सतना कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 29 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, महिला बाल विकास अधिकारी राजेन्द्र बांगरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सुनी 100 आवेदकों की समस्यायें

सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 100 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने भी लोगों की समस्यायें सुनी और मैदानी अधिकारियों को दूरभाष से चर्चा कर लोगों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये।

लाडली बहना योजना की सहायता राशि का अंतरण आज

सतना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 16 अप्रैल को मण्डला जिले के ग्राम टिकरवारा से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को वर्तमान अप्रैल माह 2025 की मासिक सहायता राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिले के नगरीय निकाय वार्ड और ग्राम स्तर पर वेबकास्ट के जरिए सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा।

युवा संगम में 123 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया

सीधी जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई.टी.आई सीधी एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 15 अप्रैल 2025 को कन्या महाविद्यालय सीधी के परिसर में एक दिवसीय ''युवा संगम'स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया जिसमें देश/प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की 05 कंपनियों ने भाग लिया।

उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के लिए सरकार प्रतिबद्ध: उप मुख्यमंत्री

ग्वालियर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक

सतना उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में ग्वालियर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण योजना की गहन समीक्षा की उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह और ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जय आरोग्य अस्पताल, ग्वालियर में सीटीवीएस (कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी) विभाग के आवश्यक पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार करने और अस्पताल भवन के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को शीघ्रता एवं प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में ग्वालियर क्षेत्र के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास, मैन पॉवर, उपकरण उपलब्धता की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्थाओं के उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार समस्त अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बाहर न जाना पड़े। इसके लिए आवश्यक अधोसंरचना विकास, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और चिकित्सकीय स्टॉफकी पर्याप्त नियुक्ति सुनिश्चित की जा रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत सांवेर विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री तरुण राठी, तथा संचालक श्री नीरज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

गौवंश संरक्षण अभियान अंतर्गत उपखण्ड स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया

सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गौवंश संरक्षण अभियान अंतर्गत उपखण्ड स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समिति के अध्यक्ष होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सचिव सदस्य, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी पशुपालन विभाग सह सचिव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, अनुविभागीय अधिकारी वन विभाग, सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवा, अनुभाग अधिकारीध्डी.ई. विद्युत वितरण कम्पनी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, वरिष्ठ उद्यानिकी अधिकारी एवं विकासखण्ड प्रबंधक आजीविका मिशन को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। गौ-वंश संरक्षण अभियान अंतर्गत गौशाला निर्माण और संचालन की सतत् निगरानी एवं अनुश्रवण करना, अनुभाग क्षेत्र अंतर्गत निराश्रित गौवंश का चिन्हांकन कर समुचित कार्य व्यवस्था सुनिश्चित करना जिससे एक भी गौवंश की दुर्घटना घटित न हो। जिला समन्वयक समिति का क्रियान्वयन एवं दिशा-निर्देश का पालन कराना। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित समिति के कार्यों का अनुश्रवण करना तथा व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कर गौवंश संरक्षण हेत अभियान चलाकर जन जागरूकता रैली का आयोजना करना। विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर जन भागीदारी के माध्यम से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना। अभियान अंतर्गत प्रत्येक 15 दिवस में बैठक आयोजित कर जन समुदायक को गौवंश संरक्षण हेतु प्रेरित करना तथा जन जागरूकता रैली का आयोजन करना। ग्राम पंचायत के द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से जारी किए गए दिशा-निर्देशों को जन समुदायक के माध्यम से पालन करना। पशु संरक्षण हेतु जन भागीदारी से विशेष पहल कर, सांसद, विधायक निधि, सीएसआर फंड, धार्मिक संगठनों तथा जन समुदायक से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर अभियान को सफल बनाएंगे।

शिवा अग्रहरि ने नगर निगम के भ्रष्टाचार की खोली पोल

नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी अंशुमन सिंह पर लगाए गंभीर आरोप कहा ये ही पहले अतिक्रमण करवाते है फिर हटवाने की नौटंकी करते है। यदि इनकी संपत्ति की जांच करवाई जाए तो ये भी सौरभ शर्मा से कम नहीं निकलेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में मेरा सतना कितना अच्छा था लेकिन आज बिल्कुल विपरीत है पूरे शहर सीवर लाइन की वजह से खुदा पड़ा है और धूल इतनी है कि आदमी का बाहर चलना भी मुश्किल है। उन्होंने ने कहा कि नगर निगम के भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने ऊपर तक पत्र लिखकर शिकायत की है।

कलेक्टर ने की 107 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई

सिंगरौली कीर्ति प्रभा जिले के विभिन्न अंचलो स आयें हुयें 107 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर श्री चन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये।

कलेक्टर ने भी सम्पूर्ण जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोशित किया

सतनासतना जिले के बाद अब कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने पेयजल संकट की संभावना के दृष्टिगत म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत सम्पूर्ण मैहर जिले की राजस्व सीमाओं में भी 30 जून तक बिना अनुमति नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिनियम के अंतर्गत जिले के सम्पूर्ण नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। इसी प्रकार बिना अनुमति किसी भी शासकीय भूमि के जल स्त्रोत से पेयजल और घरेलू प्रयोजन को छोडकर अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा सकेगा। नहरों के प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्त्रोतों का जल दोहन किन्हीं भी साधनों से जल का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत के सूखने या वैकल्पिक रूप से अन्य कोई सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने पर जनहित में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उस क्षेत्र के निजी पेयजल स्त्रोत का अधिग्रहण कर सकेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश का उल्लंघन अधिनियम 1986 की धारा 9 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दण्डनीय होगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल तीन दिवसीय प्रवास पर सतना एवं मैहर आयेंगे

सतना प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल 16 अप्रैल को दोपहर 2.45 बजे मैहर जिले के झुकेही में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत टमस नदी के उद्गम स्थल पर पूजन एवं जन चर्चा करेंगे। इसके बाद मंत्री श्री पटेल सायं 4.20 बजे सतना नगर के टाउन हाल में पंच-सरपंच सम्मेलन में शामिल होने के पश्चात सायं 6 बजे सतना जिले से कार द्वारा रीवा के लिये प्रस्थान करेंगे।

मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रवास के दूसरे दिन 17 अप्रैल को रात्रि 8 बजे दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट आकर रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री श्री पटेल प्रवास के तीसरे दिन 18 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे मझगवां के मंदाकिनी नदी उद्म स्थल (मढवा) तथा दोपहर 12 बजे नागौद में अमरन नदी उद्गम के स्थल (भिगोरा) में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूजन एवं जन चर्चा कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री पटेल दोपहर 1.45 बजे उचेहरा पहुंचकर अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम और दोपहर 3 बजे मैहर जिले के एकलव्य छात्रावास में आयोजित पंच सरपंच सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। तदुपरांत मंत्री श्री पटेल सायं 5.30 बजे मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन एवं पूजन करेंगे और सायं 6 बजे कार द्वारा मैहर से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस सीधी में मनाई गई डॉक्टर अंबेडकर की जयंती

सीधी प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह के कुशल निर्देशन में दिनांक 14.04.2025 को डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि हमें भारत रत्न डॉ. अंबेडकर के जीवन से सीखना चाहिए, जिन्होंने समर्पण और त्याग के दम पर न केवल अपने लिए समाज में स्थान बनाया बल्कि समाज के विकास की मुख्य धारा से अलग पड़े वर्ग के हित में संविधान का निर्माण कर महान कार्य किया, जिसमें सभी वर्गों हेतु विशेष सुविधाएं प्रदान की गई। छात्र-छात्राओं को उनके बताए रास्तों पर चलना चाहिए जिससे वह अपने कैरियर के साथ-साथ समाज हित में भी कार्य कर पाए।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. दिवाकर सिंह ने बाबा साहब अंबेडकर की जन्मदिवस पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. अंकिता सोनी कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया। उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने हिस्सेदारी की एवं उद्बोधन से लाभान्वित हुई। उक्त अवसर पर संविधान की शपथ भी दिलाई गई।

मेडिकल स्टोर नशे की गोलियां एवं सिरप की बिक्री कर रहे

मेडिकल स्टोर में भी बिक्री करते हैं नशे की दवाये' संवाददाता अमरपाटन मेडिकल नशे का कारोबार केवल गैर लाइसेंसी कारोबारी ही नहीं अपितु कई मेडिकल की दुकानों से भी इस तरह का कारोबार संचालित होता है। शहर हो गया ग्रामीण क्षेत्र जहां मेडिकल की दुकानों का लाइसेंस दिया गया है वहां कई ऐसे संचालक है जो गोपनीय रूप से नशे की गोलियां एवं सिरप की बिक्री कर रहे हैं। किंतु सवाल यही है कि मेडिकल की दुकानों की कभी जांच नहीं होती।

उनका निरीक्षण एवं सत्यापन नहीं होता कि उन दुकानों में किस.किस तरह की दवाये रखी जाती है। दवाओं का स्टॉक कहां.कहां रखा जाता है। छिपाकर नशे की दवाओं को कहां रखा जाता है। यदि नियमित रूप से जांच हो तो पता चलेगा कि मेडिकल दुकानों के संचालक भी इस तरह के नशे में फंस सकते हैं। यह भी सही है कि मेडिकल की दवाओं के साथ नशे में उपयोग होने वाली गोलियां एवं कफसिरप का परिवहन व भण्डारण आसानी से किया जा सकता है। इसलिए अन्य दवाओं की आड़ में मेडिकल की दुकानों से नशे का कारोबार करना आसान है। इसलिये जो मेडिकल की दुकानें अधिक नहीं चलती वहां इस तरह के धंधे पनप सकते हैं। किंतु देखा यह भी जाता है यहां पर जो ड्रग इंस्पेक्टर पदस्थ है उनका निरीक्षण दवा की दुकानों में कम ही देखा जाता है जबकि उनकी पदस्थापना केवल लाइसेंस देने तक ही सीमित नहीं है। जिन दुकानों को लाइसेंस दिया गया है उनकी निगरानी व सेंपलिंग भी उन्हें करनी चाहिए। देखा जा सकता है कि शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण दवा की दुकानों की संख्या भी लगातार बढ़ी है। अब तो जगह.जगह है मेडिकल स्टोर खुल चुके हैं। ऐसा माना जा रहा है कि मेडिकल स्टोर खोलने से अधिक फायदा होता है। इसलिए कई लोग जो स्वयं को पात्र मानते हैं वे अपनी दुकानें लाईसेंस लेने के बाद शुरू कर देते है। किंतु उन दुकानों का समय.समय पर सत्यापन व जांच भी होनी चाहिए।

पोषण अभियान अंतर्गत कुपोषण का प्रबंधन थीम पर विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

सीधी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने जानकारी देकर बताया है कि जिले में पोषण अभियान अन्तर्गत दिनांक 08 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक सातवें पोषण पखवाड़ा का आयोजन कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत दिनांक 15 अप्रैल 2025 को दिन मंगलवार को सीधी जिले की समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रो में जीवन के प्रथम 1000 दिवस केन्द्रित गतिविधिया एवं सी-सैम (समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन) मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन-थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि अन्नप्राशन दिवस का आयोजन कर 06 माह पूरे करने वाले बच्चों का सामूहिक अन्नप्राशन कराया गया। 06 माह से 12 माह तथा 12 से 24 माह के बच्चों के देखभालकर्ता के साथ बच्चों के आहार की मात्रा, खाद्य विविधता एवं स्वच्छता के विषय पर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। 10 दिवसीय शारीरिक माप दिवस का आयोजन कर दिवस हेतु निर्धारित बच्चों का वजन एवं लम्बाई/ऊचाई माप कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रैकर एप्प में प्रविष्टि की गई। चिन्हित सैम बच्चों की भूख की जांच तथा फेल हुये बच्चों को रेफर किया गया। सी-मैम कार्यक्रम में पंजीकृत बच्चों को प्रदाय दवाओं के अनुपूरण का फॉलोअप एवं निर्धारित साप्ताहिक फॉलोअप किया गया। चिन्हांकित सभी जन्म से लेकर 6 वर्ष तक से लेकर सभी सैम, मैम और एसयूडब्लू वाले बच्चों का वीएचएसएनडी दिवस पर शारीरिक माप कुपोषण के संकेतों दुष्प्रभावों एवं उपचार हेतु परामर्श दिया गया।

उक्त आयोजित गतिविधियों में समुदाय सदस्य, जनप्रतिनिधि, महिला समूह सदस्य, विभिन्न समितियां के सदस्य, 3 से 6 वर्ष की आयुवर्ग के बच्चे, स्कूल के बच्चें, आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता/सहायिका उपस्थित रहें।

समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र में आजीविका पुस्तकालय और आजीविका ज्ञान केन्द्र का शुभारंभ

ज्ञान दान अभियान - किताबें दान करें, जीवन संवारें

सीधी मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश डे-राज्य आजीविका मिशन श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा एक नई पहल की गई है। इसी क्रम में मंगलवार दिनांक 15 अप्रैल 2025 से एकता समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सीधी द्वारा ज्ञान दान अभियान श्री पुष्पेंद्र कुमार सिंह जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा अभियान की शुरुआत की गई जिसमें जिला इकाई एवं विकासखंड इकाई से समस्त जिला प्रबंधक, सहायक जिला प्रबंधक, विकासखंड प्रबंधक उपस्थित रहे।इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध कराना है। इस अभियान के तहत, लोग पुरानी और उपयोग में न आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें दान कर सकते हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। कई प्रतिभाशाली छात्र अध्ययन सामग्री की कमी के कारण अपनी तैयारी पूरी नहीं कर पाते। यह एक छोटी सी पहल किसी के सपनों को नई दिशा दे सकती है। अभियान के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें (यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी), शैक्षणिक पुस्तकें सामान्य ज्ञान एवं संदर्भ पुस्तके दान कर सकते हैं।



दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।

- रामायण

एससी-एसटी वर्गीकरण का पहला राज्य बना तेलंगाना

तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के भीतर वर्गीकरण की नीति को लागू करने का निर्णय लिया है। तेलंगाना देश का पहला राज्य बन गया है। जिसने सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के निर्णय के अनुसार वर्गीकरण का काम कर केंद्र सरकार और भाजपा को कड़ी चुनौती देने का काम किया है। तेलंगाना सरकार का यह निर्णय सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा और साहसिक कदम है। आजादी के बाद देश में आरक्षण की व्यवस्था, समग्र सामाजिक विकास के उद्देश्य से पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए की गई थी। कई दशकों बाद यह महसूस हुआ, एससी-एसटी समुदाय के भीतर की कुछ जातियाँ ही आरक्षण का लाभ मिला हैं। जबकि अन्य समूह 75 साल के बाद भी हाशिए पर ही रह गए है। इस असंतुलन को दूर करने के लिए अब समूह के बीच वर्गीकरण की आवश्यकता पैदा हुई है। तेलंगाना सरकार ने एक अध्ययन समिति का गठन किया था। उसकी रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने उपसमूह के आधार पर यह निर्णय लिया है। समाज के भीतर सबसे पिछड़े वर्गों को वास्तविक लाभ कैसे पहुँचाया जाये। इस वर्गीकरण से अब आरक्षण और अन्य सामाजिक योजनाओं का लाभ उनको नहीं मिलेगा, जो पहले से सशक्त हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ उन उपवर्गों तक पहुँचेगा। जिन्हें अब तक आरक्षण के लाभ से नजर अंदाज रखा गया है।यह कदम सामाजिक ही नहीं, संवैधानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ इस विषय पर पहले ही फैसला कर चुकी है। इस तरह के वर्गीकरण को सिद्धांततः सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ वैध ठहरा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट की शर्त थी, इसका आधार ठोस और न्यायसंगत हो। तेलंगाना सरकार ने इस बात का ध्यान रखते हुए सर्वे के माध्यम से व्यापक आंकड़ों और सामाजिक विश्लेषण के साथ नीति तैयार की है। यह निर्णय देश के बाकी राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है। इस निर्णय को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ लागू किया जाएगा, तो निश्चित रूप से यह नीति उन समुदायों के लिए वरदान साबित हो सकती है।जो अब तक सरकारी योजनाओं का लाभ पाने से बहुत दूर है। तेलंगाना ने यह सिद्ध किया है, केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि ठोस नीतिगत निर्णयों से ही सामाजिक न्याय को सुनिश्चित और जवाबदेह बनाया जा सकता है। तेलंगाना सरकार की यह पहल देश में आरक्षण नीति के पुनः परीक्षण और नवचिंतन का नया आधार बन सकता है। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है। कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जाति आधार पर जनगणना की मांग पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। जिस तरह की स्थिति देश में अब बन गई है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने आरक्षण के मसले पर जो दिशा निर्देश जारी किए हैं। उसके अनुसार तेलंगाना सरकार ने काम करते हुए जो नई नीति लागू की है। वह देश के विकास की एक नई आधार शिला बन सकती है। 2021 की जनगणना का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। केंद्र सरकार को चाहिए 2021 की, जो जनगणना होना है। उसमें सभी वर्गों के साथ उनके उप वर्गों को भी शामिल किया जाए। आर्थिक एवं सामाजिक जानकारी के आंकड़े सामने लाये जाएं, ताकि भारत के सभी नागरिकों समान अवसर प्राप्त हों, जो अभी तक वंचित है। वंचित और जरूरत मंदों को आरक्षण का सहारा देकर मुख्य धारा में लाने का काम सामाजिक व्यवस्था के लिए जरूरी है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए। वह कमजोर वर्गों को राहत देकर उन्हें विकास की दौड़ में समान अवसर प्रदान करें। आरक्षण को लेकर विगत कई दशकों से समय-समय पर जो विवाद देखने को मिलते है। तेलंगाना सरकार के इस निर्णय से समाज के सभी वर्ग ओर समुदाय को आरक्षण का लाभ मिलना तय होगा। इसके लिए तेलंगाना सरकार ने जो पहल की है सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है। इन दोनों की सराहना की जानी चाहिए। इस फैसले ओ राजनीतिक नजरिए से न देखकर सामाजिक विकास के नजरिए से देखना होगा। तेलंगाना सरकार ने संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर जो पहल की है, वह सराहनीय है।

शिक्षक और सड़क दोनों मंजिल तक पहुंचाने के कारगर सेतु

भारत आदि-अनादि काल से संस्कृति,मानवीय सभ्यता, मान-सम्मान की संप्रभुता का अभूतपूर्व ख़जाना भारत माता की मिट्टी में ही समाहित रहा है। ऊपर से सोने पर सुहागा हमारे बड़े बुजुर्गों, बुद्धिजीवियों सहित आध्यात्मिकता के माध्यम से कहावतों, वचनों, शब्दों का ऐसा अनमोल पंक्तियों द्वारा हमारे पास स्वर्ण रूपी संयोजित है, जिसके एक एक शब्द में मोती भरे हैं! अगर भारत का हर नागरिक इन पंक्तियों के बोध का ज्ञान अपने जीवन में अपना कर उसके अनुसार अपने जीवन को ढालें तो यह विचार, कहावतें उन पर आ रही विपत्तियों, तकलीफों, विपरीत समय में एक म ज़बूत ढाल का काम कर सकते हैं!वैसे तो अनेक पंक्तियां, शब्द, वाक्यांश हैं पर हम आज,, शिक्षक और सड़क दोनों एक एक जैसे हैं जो खुद जहां है वहीं रहते हैं मगर दूसरों को उनकी मंजिल तक पहुंचा ही देते हैं,, इसपर कुछ बातों का को सांझा कर शिक्षा ग्रहण करने की कोशिश करेंगे।

साथियों बात अगर हम शिक्षक और सड़क की करें तो दोनों हमारे लिए अति महत्वपूर्ण हैं क्योंकि आज के परिपेक्ष और डिजिटल भारत में, जैसे हमारा सांस लेना आवश्यक है। इसके बैगर हम जी नहीं सकते है। वैसे ही शिक्षक और सड़क के बिना विद्यार्थी और लोग अधूरे है। शिक्षक और सड़क नहीं होंगे तो वह विकास प्राप्त करने में असमर्थ हो जाएंगे।

साथियों बात अगर हम शिक्षक की करें तो, शिक्षक एक व्यक्ति को कुशल नागरिक बनाता है। शिक्षक वह प्रकाश है जो सभी के ज़िन्दगी में रोशनी भर देता है। शिक्षक एक मोमबत्ती रूपी ज्ञान का उजाला है जो लोगों को अँधेरे से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाती है। शिक्षक की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। शिक्षक अपने शिक्षा के ज़रिये व्यक्ति समाज और राष्ट्र का निर्माण करता है। उनकी शिक्षा की वजह से व्यक्ति में आत्मविश्वास का संचार होता है जिसकी वजह से वह अपने ज़िन्दगी में कुछ कर गुजरने की चाहत रखता है। शिक्षक एक खूबसूरत आईने की तरह है जिससे व्यक्ति अपने वजूद की पहचान कर पाता है। शिक्षा वह मज़बूत ताकत है जिससे हम समाज को सकारात्मक बदलाव की ओर ले जा सकते है। शिक्षक विद्यार्थिओं का मार्ग दर्शक है। ज़िन्दगी के कठिन मोड़ पर जब हम रास्ता भटक जाते है तो कोई न कोई इंसान शिक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाता है। कम उम्र में बच्चे का जीवन गीली मिटटी की तरह होता है। तब शिक्षक एक कुम्हार की तरह उसे शिक्षा रूप हाथों से एक मज़बूत आकार प्रदान करता है।शिक्षक विद्यार्थिओं को आने वाले बेहतर भविष्य के लिए तैयार करते है। विद्यार्थी के मन में विषय संबंधित और जीवन संबंधित कोई भी दुविधा आये तो शिक्षक उस दुविधा को हल करने में हर मुमकिन कोशिश करता है।

शिक्षक की मेहनत की वजह से कोई डॉक्टर ,कोई इंजीनियर कोई वकील,सीए,पायलट सैनिक इत्यादि बन कर अपनी मंजिल पर पहुंच जाते है।अगर शिक्षक नहीं होंगे तो यह पद पर कोई व्यक्ति कार्यरत नहीं हो पाएंगे । शिक्षक इंसान को अच्छे और बुरे के बीच फर्क करना सिखाते है। वह अधर्म ,घृणा ,ईर्ष्या ,हिंसा इन बुरी आदतों से विद्यार्थिओं को दूर रहना सिखाते है। शिक्षक शिष्टता ,सहनशीलता ,धैर्य से जीवन के संघर्षों से पार करना सिखाते है। इसलिए हम कह सकते हैं कि शिक्षक विद्यार्थियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण रोल अदा करता है।

साथियों बात अगर हम सड़क की करें तो, किसी भी देश के आर्थिक विकास में यातायात एवं संचार के साधनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। देश का कृषि, व्यापार व औद्योगिक विकास परिवहन के साधनों पर ही निर्भर करता हैं।परिवहन एक महत्वपूर्ण तृतीयक व्यवसाय हैं। आज के परिपेक्ष में बिना सड़क के मानवीय जीवन अधूरा है। इसके बिना जीवन की गाड़ी को आगे बढ़ाने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता, हालांकि हजारों या सैकड़ों वर्षों पहले हमारे पूर्वज उस परिस्थितियों से दो चार हुए होंगे पर अभी आधुनिक डिजिटल युग में यह संभव नहीं।

साथियों बात अगर हम सड़क निर्माण के विशाल चरणों और सड़क के महत्व की करें तो, सड़क निर्माण में कार्य के कई चरण हैं, जैसे क्षेत्र सर्वेक्षण, मिट्टी सर्वेक्षण, यातायात सर्वेक्षण, ज्यामितिक डिज़ाइन, संरचनीय डिज़ाइन, और वास्तविक निर्माण क्षेत्र। भारत में सड़कें हाथों के श्रम से, या यंत्रों से, बनाई जाती है। पहले देश में मजदूर बहुतायत से मिलते थे जिसके कारण शारीरिक श्रम का ही अधिकतर प्रयोग किया जाता है, परंतु अब सब मशीनीकरण से हो गया है। भारतीय सड़कों का जाल विश्व का सबसे बड़ा सड़क जाल है। सड़क परिवहन छोटी एवं मध्यम दूरी तय करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। यह विश्वसनीय, तेज, लचीला तया मांगपूरित तरीका है, जो घर-घर जाकर सेवाएं उपलब्ध करा सकता है। यह गांवों को बाजारों, कस्बों, प्रशासनिक व सांस्कृतिक केन्द्रों से जोड़ता है और इस प्रकार उन्हें देश की मुख्य धारा में शामिल करता है। सड़क परिवहन सुदूरवर्ती पहाड़ी, मरुस्थलीय, जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों को जोड़ता है। सड़कें भी विभिन्न प्रकार के लोगों को अपनी मंजिल तक पहुंच आती है जैसे, राष्ट्रीय राजमार्ग-ये राजमार्ग देश की चौड़ाई एवं लंबाई के अनुसार बिछाये गये हैं। ये राज्यों की राजधानियों, बंदरगाहों, औद्योगिक व खनन क्षेत्रों तथा राष्ट्रीय महत्व के शहरों एवं कस्बों को जोड़ते हैं।प्रांतीय राजमार्ग- ये एक राज्य के भीतर व्यापारिक एवं सवारी यातायात के मुख्य आधार होते हैं। ये राज्य के प्रत्येक कस्बे को राज्य की राजधानी, सभी जिला मुख्यालयों, राज्य के महत्वपूर्ण स्थलों तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से संलग्न क्षेत्रों के साथ जोड़ते हैं। जिला सड़कें- ये सड़कें बड़े गांवों एवं कस्बों को एक-दूसरे से तथा जिला मुख्यालय से जोड़ती हैं। ये अधिकांशतया कच्ची होती हैं। इनका निर्माण एवं रख-रखाव जिला परिषदों या सम्बंधित सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है। ग्रामीण सड़कें- ये सड़कें गांवों को जिला सड़कों से जोड़ती हैं। ये सड़कें प्रायः कच्ची, संकरी तथा भारी वाहन यातायात के अनुपयुक्त होती हैं। इनका निर्माण एवं रख-रखाव ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाता है। इन चारों के अतिरिक्त, सड़कों के तीन और अन्य प्रकार हैं- सीमा सड़कें, अंतरराष्ट्रीय राजमार्ग और द्रुत राजमार्ग।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि शिक्षक और सड़क मंजिल तक पहुंचाने के सेतु हैं,शिक्षक और सड़क दोनों एक जैसे जो खुद जहां है वहीं रहते हैं मगर दूसरों को उनकी मंजिल तक पहुंचा ही देते हैं। किसी भी देश के आर्थिक, बौद्धिक विकास में शिक्षक और सड़क की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना वर्तमान समय की मांग।

जिदगी मंच पर थी, मौत ने पर्दा गिरा दिया!

हर दिन के उजाले में हम जीवन का उत्सव मनाते हैं, पर हमें यह अहसास तक नहीं कि मृत्यु अब हमारी परछाई से भी तेज़ रफ्तार से हमारे करीब आ रही है। महाराष्ट्र के धाराशिव में मंच पर अचानक गिरी वर्षा खरात की मौत कोई अकेली घटना नहीं है, यह उस अदृश्य महामारी की गूंज है जो कोविड के बाद हमारे समाज में मौन पांव पसार रही है। सड़कों पर चलते, खेलते, नाचते, बोलते — हम जिन्दगी के सामान्य क्षणों को जीते हुए जैसे मौत से एक अनदेखा समझौता कर बैठे हैं। विडंबना यह है कि एक असामान्य परिस्थिति को भी हम सामान्य मानने लगे हैं। कोरोना वायरस ने केवल शरीर पर वार नहीं किया, उसने समाज की मानसिकता और सरकार की प्राथमिकताओं पर भी गहरा घाव किया है। कोरोना के बाद की यह अचानक गिरने, धड़कन थम जाने वाली घटनाएँ वास्तव में पोस्ट कोविड सिंड्रोम का विकराल चेहरा हैं। मेडिकल साइंस के अनुसार, कोविड के संक्रमण ने शरीर के अंदर सूक्ष्म रक्त वाहिनियों में थक्के बनाने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया। यह स्थिति कई बार बिना किसी पूर्व लक्षण के जानलेवा साबित हो रही है। हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट, माइक्रोथ्रोम्बस, ब्रेन स्ट्रोक — ये सब एकदम से हमला कर रहे हैं और अक्सर इतने तेजी से कि चिकित्सा सहायता भी समय पर नहीं पहुंच पा रही।

भारत में कोविड के बाद कार्डियक मौतों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से 2024 के बीच अचानक कार्डियक अरेस्ट के मामलों में 28 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। 30 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में यह वृद्धि 15 प्रतिशत के करीब है। लेकिन यह आंकड़े अखबार के किसी कोने में दबे रह जाते हैं, उन पर न तो नीतिगत बहस होती है, न ही कोई राष्ट्रीय आपात चेतावनी जारी होती है। आख़िर क्यों? हकीकत यह है कि सरकार और प्रशासन महामारी के बाद इस स्वास्थ्य आपातकाल को लेकर उतने सतर्क नहीं हैं, जितनी गंभीरता की आवश्यकता है। सार्वजनिक स्थलों पर इमरजेंसी मेडिकल सुविधाओं का अभाव, प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की कमी, और तत्काल जीवनरक्षक उपकरणों स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर (एईडी मशीनों) की अनुपलब्धता हमारी व्यवस्था की ढुलमुल मानसिकता का प्रमाण हैं। किसी समारोह, कॉलेज फंक्शन या सार्वजनिक कार्यक्रम में सुरक्षा का मतलब केवल भगदड़ रोकने तक सीमित कर दिया गया है, स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिकताओं के लिए तैयारियां अब भी हास्यास्पद रूप से अपर्याप्त हैं, और समस्या केवल चिकित्सा व्यवस्था तक सीमित नहीं है। हमारे समाज की सामूहिक चेतना पर भी प्रश्नचिन्ह है। महामारी के बाद लोग जैसे स्वास्थ्य को लेकर उदासीन हो गए हैं। अनियंत्रित खानपान, बढ़ता मानसिक तनाव, जीवनशैली में असंतुलन शरीर को अंदर से खोखला कर रहे हैं। अफसोस यह है कि स्वास्थ्य जांच, जो जीवन रक्षक सिद्ध हो सकती है, उसे हम आज भी या तो अनावश्यक खर्च समझते हैं या टालते रहते हैं।

मीडिया, जो समाज का चौथा स्तंभ कहलाता है, वह भी इन खबरों को मात्र सनसनी बनाकर छोड़ देता है। वीडियो वायरल होते हैं, चंद घंटों तक चर्चा होती है, फिर सबकुछ भुला दिया जाता है। सवाल यह है कि क्या हमारी संवेदना इतनी कमजोर हो गई है कि एक युवा लड़की का मंच पर गिरकर मर जाना भी केवल एक वायरल क्लिप बन कर रह जाए? ऐसे में समय आ गया है कि हम सामूहिक जागरूकता का अभियान छेड़ें। सरकार को चाहिए कि वह कोविड पश्चात स्वास्थ्य प्रभावों पर राष्ट्रीय स्तर पर शोध प्रकल्प आरंभ करे और उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करे। स्कूलों, कॉलेजों, दफ्तरों, और सार्वजनिक स्थलों पर इमरजेंसी मेडिकल किट और प्रशिक्षित कर्मियों की अनिवार्यता हो। हर व्यक्ति के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता दी जाए, खासकर हृदय और रक्त प्रवाह से जुड़ी बीमारियों की जांच।

संयम से जीवन की उन्नति

कार्तिय माहात्म्य प्रवचनों में पं. रामनिवास ब्रजवासी जी ने कहा शरद ऋतु में की जाने वाली उपासनाओं से जहाँ चंद्र किरणों से प्राप्त होने वाले अमृत तत्व से देह का सिंचन होता है, वहीं सूर्य की रश्मियों की प्रचुर ऊर्जा से उस अमृत तत्व की शरीर में स्थिरता होती है इसीलिए कार्तिक मास में प्रात? पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान विष्णु शालीग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है।

इन दिनों ब्रजवासी जी कार्तिक माहात्म्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा भगवान विष्णु के सहस्रनाम का पाठ करने से मनुष्य के जीवन में संयम एवं धर्म में चलने की प्रेरणा मिलती है। जीवन को उन्नत बनाने में संयम का बहुत महत्व है। संयमी व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य को नहीं छोड़ता। शालिग्राम पूजन में पंचामृत का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा गाय का दूध, दही, घी व शहद और शक्कर से शालिग्राम भगवान का अभिषेक करना चाहिए। वस्तुत- इन पांचों का मंत्रोच्चारण के साथ मिल जाना ही पाँच प्रकार के अमृतों का मिलना है।

इसमें तुलसीदल डाल देने के बाद यह चरणामृत बन जाता है जिसका प्रसाद में ग्रहण कर लेने पर सभी प्रकार की आधियाँ-व्याधियाँ अर्थात मानसिक रोग तथा शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। हमारी उपासना विधियाँ जहाँ मनुष्य को धार्मिक बनाती है वही शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ भी बनाती है।

शुभ संवत 2082, शाके1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पूर्वे, तिथि तीज बुधवासरे, अनुराधा नक्षत्रे, व्यय योगे, विष्टि करणे, वृश्चिक की चंद्रमा, भद्रा 11/24, गणेश चौथ व्रत, चंद्रोदय रात्रि 9/30 मूल प्रारंभ, रात्रि 3 घंटा, 3 मिनिट, सर्वार्थ सिद्ध योग तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ तथा आम होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, आमवृत्ति वाला, सोना-चांदी का व्यापारी तथा चूना का व्यापारी होगा।

मेष राशि - व्यय, बाधा, स्वभाव में उद्विग्नता तथा दुःख, कष्ट अवश्य ही होगा, ध्यान रखें।

वृष राशि - योजनायें पूर्ण होंगी, धन का व्यय, व्यावसायिक लाभ होगा, आशानुकूल सफलता से हर्ष होगा।

मिथुन राशि - किसी आरोप से बचें, कार्यगति मंद रहेगी, क्लेश व अशांति अवश्य होगी।

कर्क राशि - इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे, कार्यगति में सुधार होगा, चिन्तायें कम होंगी।

सिंह राशि - मनोबल उत्साह वर्धक होगा, कार्यगति में सुधार होगा, लाभ होगा।

कन्या राशि - सामर्थ्य और धन अस्त-व्यस्त हो, सतर्कता से कार्य आप अवश्य निपटा लें।

तुला राशि - मान-प्रतिष्ठा, सुख के साधन बनें, स्त्री-वर्ग से सुख और शांति बनेगी।

वृश्चिक राशि - अग्नि, चोटादि का भय, व्यर्थ भ्रमण, धन का व्यय होगा, कार्य बनते-बनते रुक जायेंगे।

धनु राशि - तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, विद्रोह व तनाव बना रहेगा।

मकर राशि - विवाद ग्रस्त होने से बचिये, तनाव, क्लेश, मानसिक अशांति अवश्य होगी।

कुंभ राशि - धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष, इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे।

मीन राशि - भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति, दिन उत्साह से बीते, मनोवृत्ति उत्तम बनेगी, ध्यान रखें।

अभिवादन से दीर्घजीवी होने का रहस्य

भारतीय संस्कृति में सभी धर्मशास्त्रकारों ने, च्अभिवादनशीलताज्ज् को महान् धर्म और सदाचार का प्रमुख लक्षण बतलाया है। महाराज मनु ने अपनी स्मृति के प्रारम्भ में ही अभिवादनशील व्यक्ति को दीर्घायु, सद्विद्या, उत्तम यश और महान् बल परार्क्रम की सहज ही प्राप्ति बतलायी है। मूलतः महर्षि मार्कण्डेयजी अभिवादनशीलता के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। उनमें विनय, नम्रता,शिष्टाचार, मर्यादा रक्षण, अभिवादनशीलता श्रेष्ठजन, वृद्धों तथा गुरूजन के प्रति आदर - बुद्धि, सेवाभाव आदि सद्गुणों का भण्डार भरा था, एवं नित्य विप्रों के अभिवादन करने से जो उन्हें आशीर्वाद प्राप्त हुआ, उसी से वे कालजयी महात्मा हुए तथा सदा - सदा के लिए अजर - अमर हो गये।

अपने इस धर्माचरण से ऋषि मार्कण्डेयजी ने संसार में यह सन्देश दिया है कि च्च् अपने माता - पिता, गुरू तथा श्रेष्ठजन को सदा प्रणाम करना चाहिये और विनीत भाव से सदा उनका अभिवादन करना चाहिये। इससे दीर्घायु प्राप्त होती है और जीवन सफल हो जाता है।ज्इस बात के प्रमाणीकरण में पुराणों में एक कथा प्रसिद्ध है ऐसा वर्णन है कि जब मार्कण्डेय पांच वर्ष के थे, एक दिन वे अपने पिता महर्षि मृकण्डुजी की गोद में खेल रहे थे, उसी समय संयोग से एक महाज्ञानी मर्मज्ञ वहाँ आ पहुँचे और उन्होंने उस बालक के विशिष्ट लक्षणों को देखकर महर्षि मृकण्डु से कहा च्मुने! आपका यह बालक कोई सामान्य बालक नहीं है, यह दैवीगुणों से सम्पन्न है और इससे संसार का महान कल्याण होने वाला है। इसके शरीर में जो शुभ लक्षण हैं, ऐसे लक्षण किसी में हो तो वह अजर - अमर होता है, किन्तु इस बालक में एक विशेष लक्षण हैं , जिससे सूचित होता है कि आज के दिन से छः महीने होते ही वह मृत्यु को प्राप्त होगा। अतः आप आज, अब से ही इसके दीर्घ जीवन हेतु कार्य करें तथा इतना कह कर वे सिद्ध महात्मा चले गये।

महात्माओं की भविष्यवाणी कभी भी मिथ्या नहीं होती है यह सोचकर महर्षि मृकण्डुजी ने मृत्यु टालने हेतु समय के पूर्व ही बालक का यज्ञोपवीत संस्कार कर दिया और कहा बेटा! तुम जिस किसी भी ब्राह्मण को देखना तब विनयपूर्वक प्रणाम करना।

यं कंचिद्वीक्षसे पुत्र भ्रममाणं द्विजोत्तमम्।
तस्यावश्यं त्वयां कार्य विनयादभिवादनम्।।

ऐसा निर्देश देकर मृकण्डुजी निश्चिंत हो गये क्योंकि वे ब्राह्मणों के आशीर्वाद की शक्ति व महत्ता से भलीभाँति परिचित थे। मार्कण्डेयजी पिता की आज्ञा मानकर अभिवादन व्रत में लग गये। जो भी श्रेष्ठ जन दिखते, मार्कण्डेयजी बड़े ही भक्ति एवं विनयपूर्वक उन्हें प्रणाम करते।

इस प्रकार छः महीने बीतने में केवल 3 दिन शेष रह गये। इसी बीच तीर्थयात्रापरायण सप्तर्षिगण उधर आ निकले, वहाँ वटुवेष में मार्कण्डेयजी खड़े थे। उनका दर्शन कर मार्कण्डेयजी को बड़ा आनन्द हुआ। उन्होंने श्रद्धा भक्तिपूर्वक बड़े ही विनीत भाव से बारी - बारी सभी महर्षियों को प्रणाम किया और सबने पृथक - पृथक दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया। महर्षि वसिष्ठजी ने उस बालक की ओर जब ध्यान से देखा तो वे समझ गये और सप्तर्षियों से कहने लगे, अरे! यह महान् आश्चर्य है जो हम लोगों ने इस बालक का च्दीर्घायुज् होने का आशीर्वाद दे दिया क्योंकि इस बालक की तो केवल 3 दिन की ही आयु शेष रह गई है, अतः अब कोई ऐसा उपाय करना चाहिये, जिससे हम लोगों का आशीर्वाद झूठा सिद्ध न हो। हम भी जानते हैं कि विधाता का विधान भी असत्य नहीं हो सकता। अतः इस बालक के चिरंजीवी होने की कोई युक्ति निकालनी चाहिये।

सप्तर्षिगण ने परस्पर विचार कर यह निश्चय किया कि ब्रह्माजी को छोड़कर दूसरा कोई भी इस समस्या को हल नहीं कर सकता। अतः इस बालक को उनके आगे ले जाकर उन्हीं की आज्ञा से इसे चिरंजीवी बनाना चाहिये। ऐसा निर्णय करके तीर्थभ्रमण का कार्य रोककर उस ब्रह्मचारी को साथ ले वे शीघ्र ही ब्रह्मलोक में जा पहुँचे। वहाँ ब्रह्माजी को प्रणाम करके वेदोक्त स्तोत्रों द्वारा उनकी स्तुति करने पश्चात् सब मुनि बैठे।

इसके बाद उस बालक ने भी ब्रह्माजी को प्रणाम किया, और ब्रह्माजी ने भी उसे दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात् ब्रह्माजी ने सप्तर्षियों से पूछा - आप लोग कहाँ से और किसलिए इस समय यहाँ आये हो और यह उत्तम व्रत धारण करने वाला बालक कौन है? सप्तर्षियों ने आने का प्रयोजन और उस बालक के सम्बन्ध में सारी घटना बताकर कहा कि प्रभु! आपने भी इस बालक को यशस्वी, विद्वान तथा दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया है। अतः अब आप और हम सब सत्यवादी बने रहें। हमारी बात झूठी न होने पाये, ऐसा कोई उपाय करें।

उनकी बात सुनकर ब्रह्माजी मुस्करा उठे और कहने लगे - च्मुनिवरों! आप लोग चिन्तित न हो। इस बालक ने अपने विनय और अभिवादन के बल पर काल को भी जीत लिया है। तब ब्रह्माजी ने विचार कर अपनी विशिष्ट शक्ति से मार्कण्डेय जी को अजर - अमर तथा जरामुक्त होने का वर प्रदान किया। ब्रह्माजी ने मार्कण्डेयजी को उनके माता - पिता के आश्रम में भेजने को कहा। सप्तर्षिगण बालक को उसके माता - पिता के आश्रम में छोड़कर तीर्थ यात्रा पर निकल गये। मार्कण्डेयजी ने सारी कथा अपने माता - पिता को बता दी तथा कहा कि अभिवादन, विनय नम्रता, शिष्टाचार, मर्यादा रक्षण से दीर्घजीवन होने का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

अभिवादन में अमीर - गरीब छोटे - बड़े का कोई भेद नहीं करना चाहिए क्योंकि अभिवादनकर्ता को इसका आनन्द - सुख उसे सदा मिलता ही है। एक प्रसंग है कि एक कम्पनी का सबसे बड़ा अधिकारी प्रतिदिन कम्पनी में आने एवं जाने पर हँसता हुआ सबको गुड बाय करता था। एक दिन कार्यालय के बन्द होने के समय लिफ्टमैन को वह अधिकारी दिखाई नहीं दिया तो उस लिफ्टमैन को चिन्ता हुई तथा वह कम्पनी के तलघर में उस अधिकारी को ढूँढने गया। वहाँ उसे वह अधिकारी अपने काम में व्यस्त दिखा तथा कार्यालय बन्द होने के समय का ज्ञान उसे न रहा। लिफ्टमैन ने उसे कहा कि सर! कार्यालय पूरा बन्द हो चुका है, आप अन्तिम व्यक्ति हैं जो कि लिफ्ट से ऊपर न आये। मुझे आपके गुड बाय की याद आयी तथा मैं यहाँ आ पहुँचा। यदि आपके गुड बाय की याद न होती तो लिफ्ट तथा पूरा कार्यालय बन्द कर घर चला जाता इस प्रकार उस अधिकारी को गुडबाय के अभिवादन ने उसे कार्यालय में बन्द होने से बचाया।

यही बात श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने मानव जीवन में दीर्घायु -यशस्वी होने के लिए बाल्यावस्था में इसे अनुकरण करने को तथा श्रीरामजी के जीवन से प्रेरणा प्राप्त करने को कहा है।..

फिल्म वर्ग पहेली- 6814

1		2		■	3	■	4		5
	■		■	6				■	
■	7		8		■	■	9	10	
11		■		■	12		■		■
■	13	14	■	15		■	16	■	17
18	■	19		■	20	21		■	
22			■	23	■		■	24	
	■	25			■	26	27	■	
28	29		■	■	30			■	
■		■	31						■

बायें से दायें:-

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

ऊपर से नीचे:-

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6813

ह	ल	च	ल	■	जी	व	न	मृ	त्यु
व	■	मे	■	भू	त	■	■	त्यु	■
स	हे	ली	■	मि	■	खा	न	दा	न
■	रा	■	शि	का	र	■	सी	ता	■
धू	म	■	वा	■	क्ष	■	ब	■	बे
प	■	खे	■	ता	क	त	■	■	ता
■	गो	ल	मा	ल	■	ला	ट	सा	ब
पा	पी	■	शू	■	जो	श	■	या	■
की	■	शं	क	रा	■	■	घा	■	स्व
जा	नू	■	■	ज	मा	न	त	■	र्ग

Jagrutidaur.com, Bangalore

अब हार्वर्ड यूनिवर्सिटी पर फूट पड़ा ट्रंप का गुस्सा, दे डाला अरबों का झटका

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस अंदाज में काम कर रहे हैं वो किसी को नहीं पुसा रहा है। उन्होंने टीवी शो के दौरान अपनी खिल्ली उड़ाने पर एक चैनल को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। अब उनका गुस्सा अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी पर फूट पड़ा। ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड पर 2.2 अरब डॉलर की संघीय फंडिंग रोक दी है। यह कदम कैंपस में कथित यहूदी विरोधी माहौल को लेकर भेजी गई सख्त शर्तों की सूची को ठुकराने के बाद उठाया गया है।

व्हाइट हाउस की ओर से हार्वर्ड से उसके गवर्नेंस, नियुक्तियों और प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव की मांग की गई थी। इसके साथ ही डाइवर्सिटी से जुड़ी यूनिट्स बंद करने और अंतरराष्ट्रीय छात्रों की जांच में आव्रजन अधिकारियों से सहयोग करने की भी बात शामिल थी। पिछले वर्ष इजरायल-गाज़ा युद्ध के दौरान अमेरिकी विश्वविद्यालयों में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों की लहर देखने को मिली थी, जिनमें कई जगह पुलिस और इजराइल समर्थक प्रदर्शनकारियों से झड़पें भी हुई थीं। ट्रंप और रिपब्लिकन नेताओं ने इन प्रदर्शनों को हमास समर्थन कहकर निंदा की थी। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन के दो आयोजकों को भी निशाना बनाया है, महमूद खलील को देश से बाहर निकालने की कार्रवाई चल रही है, जबकि मोहसेन महदावी को सोमवार को अमेरिकी नागरिकता की प्रक्रिया के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस की रिपब्लिकन नेता एलिस स्टेफानिक ने हार्वर्ड को शैक्षिक पतन का प्रतीक करार देते हुए इसकी पूरी फंडिंग रोकने की मांग की है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में बीते साल फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों की शुरुआत हुई थी, उसने ट्रंप प्रशासन के दबाव के बाद अपने अनुशासनात्मक नियमों में सुधार और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने जैसे कदम उठाए थे।

2.2 अरब डॉलर की ग्रांट रोकी

हार्वर्ड के अंतरिम अध्यक्ष एलन गार्बर ने छात्रों और फैकल्टी को लिखे पत्र में सरकार के आदेशों को मानने से इनकार करते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी अपनी स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों से समझौता नहीं करेगी। इस पर ट्रंप प्रशासन की संयुक्त यहूदी-विरोधी निगरानी टास्क फोर्स ने प्रतिक्रिया में 2.2 अरब डॉलर की ग्रांट और 60 मिलियन डॉलर के सरकारी अनुबंधों को रोकने की घोषणा की। हार्वर्ड की प्रतिक्रिया दर्शाती है कि देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों में यह भ्रांति फैल चुकी है उन्हें करदाताओं की फंडिंग तो मिलनी चाहिए।

तुर्की से पांचवीं पीढ़ी के जेट लड़ाकू विमान खरीदेगा इंडोनेशिया, बढ़ेगी ताकत

जकार्ता। इंडोनेशिया ने तुर्की से पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खॉन खरीदने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 10 अप्रैल 2025 को अंकारा की आधिकारिक यात्रा के दौरान, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने तुर्की के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू जेट कार्यक्रम खॉन में शामिल होने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। इस दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने तुर्की के साथ रक्षा साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया है।

बांग्लादेशी मॉडल ने सऊदी शख्स से शादी के लिए किया इनकार तो आई मुसीबत

ढाका। बांग्लादेशी मॉडल और अभिनेत्री मेघना आलम को ढाका पुलिस ने 9 अप्रैल की रात को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। उन पर सऊदी अरब के साथ बांग्लादेश के कूटनीतिक संबंधों को खतरे में डालने का आरोप है। मेघना 2020 में मिस अर्थ बांग्लादेश का खिताब जीत चुकी हैं। उनको विशेष अधिकार अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक मेघना आलम ने एक सऊदी राजनयिक के खिलाफ सोशल मीडिया पर झूठी जानकारी फैलाई, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को नुकसान पहुंचाना था।

अमेरिका-चीन के टैरिफ वॉर से रिश्तों में बढ़ रही दरार, दुनिया को हो रहा नुकसान

-दुनिया को इतिहास से सबक लेने की जरूरत है, वरना महामंदी दूर नहीं

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बन गई है। चीन समेत कई देशों पर टैरिफ लगाकर ट्रंप ने ट्रेड वॉर छेड़ दिया है, उससे न केवल अमेरिका-चीन रिश्तों में दरार बढ़ रही है, बल्कि भारत जैसे विकासशील देश भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। ट्रंप के मुताबिक ये फैसले लिबरेशन डे हैं, लेकिन विशेषज्ञों की मानें तो ये रिसेशन डे साबित हो सकते हैं। दुनिया को इतिहास से सबक लेने की जरूरत है, वरना हम एक और महामंदी की तरफ बढ़ रहे हैं।ट्रंप ने 2025 में चीन, भारत, इजराइल समेत दर्जनों देशों पर टैरिफ लगाए, जिससे वैश्विक निवेश, उपभोक्ता विश्वास और व्यापार पर असर पड़ा। चीन पर टैरिफ बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया। वहीं चीन ने भी ट्रंप पर जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी उत्पादों पर बराबर का टैक्स लगा दिया। दोनों देशों के बीच इस टकराव ने वैश्विक शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे 10 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की संपत्ति को नुकसान हुआ है। भारत को भी इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार घाटा 49 अरब डॉलर है। ट्रंप के टैरिफ के चलते भारत से फार्मा, स्टील और कपड़ा क्षेत्र के निर्यात प्रभावित हुआ है। भारत से अमेरिका को सिर्फ जेनेरिक दवाओं का निर्यात 2023-24 में 9.7 अरब डॉलर था, लेकिन ट्रंप ने साफ कर दिया है कि अगला निशाना फार्मा सेक्टर हो सकता है।बता दें यह पहली बार नहीं हुआ है इससे पहले 1930 के दशक का स्मूट-हॉली टैरिफ एक्ट वैश्विक मंदी का कारण बना था, जब अंतरराष्ट्रीय व्यापार में 65 फीसदी की गिरावट आई थी। ट्रंप की नीतियां उसी राह पर जाती नजर आ रही हैं, जो वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को खतरे में डाल सकती हैं। अब देखने वाली बात यह है कि 90 दिनों की मोहलत के बाद ट्रंप अपने फैसलों पर पुनर्विचार करेंगे या नहीं।

पाकिस्तान में बलूच आर्मी का खौफ, रात में नहीं चलतीं रेल गाड़ियां

लाहौर। रविवार की रात को कराची से क्वेटा के लिए रवाना हुई बोलान एक्सप्रेस ट्रेन को जैकबाबाद स्टेशन पर ही रोक लिया गया। इसकी वजह यह थी कि सुरक्षा को लेकर डर था। पाकिस्तान में बलूच विद्रोही संगठन का खौफ ऐसा है कि ट्रेनों का संचालन ही रात के समय बलूचिस्तान में बंद कर दिया गया है।

रेलवे अधिकारियों ने सिंध प्रांत में आने वाले जैकबाबाद के स्टेशन मास्टर को आदेश दिया कि ट्रेन को रोक कर रखा जाए। अधिकारियों का कहना था कि ट्रेन को आगे बढ़ने के लिए सिक्योरिटी क्लियरेंस नहीं मिल रहा है। ऐसे में ट्रेन को सफर पर ले जाना ठीक नहीं रहेगा। हालात ऐसे बन गए कि इस ट्रेन में सवार करीब 150 यात्रियों को जैकबाबाद पर उतार ही लिया गया और उन्हें बसों एवं अन्य वैकल्पिक साधनों से क्वेटा पहुंचाया गया। पाकिस्तान रेलवे के सीईओ आमिर अली बलोच ने कहा कि बोलान मेल को कई घंटे तक खड़ा रखा गया। इसकी वजह थी कि आगे बढ़ने के लिए सिक्योरिटी क्लियरेंस ही नहीं मिल पाया। ऐसे में असुरक्षा का रिस्क लेते हुए ट्रेन को आगे बढ़ाना सही नहीं समझा गया।

यही नहीं यात्रियों को जिन बसों से रवाना किया गया, उनमें भी कड़ी सुरक्षा थी। सीईओ ने कहा कि रात के समय यह रेल जैकबाबाद पहुंची थी। यदि इसे आगे भेजा जाता तो देर रात में सफ़र पहुंचती। इसलिए यात्रियों को सुबह तक इंतजार करने के लिए कहा गया। लेकिन ज्यादातर यात्रियों का कहना था कि वे रुकना नहीं चाहते। ऐसे में उन्हें वैकल्पिक साधनों से पहुंचाया गया। रेलवे का कहना है कि कई यात्रियों को रिफंड किया गया है, जिन्होंने वैकल्पिक साधन नहीं चुना। रेल यात्रियों का कहना है कि यह तो अन्याय जैसा है। रेल यात्री भड़के- सुरक्षा देना किसकी जिम्मेदारी आखिर ट्रेनों को पूरी सुरक्षा क्यों नहीं दी जा रही है। इस तरह रेल सफर को बीच में ही रोकना सरकार और प्रशासन की नाकामी को दिखाता है। फिलहाल जानकारी मिली है कि मंगलवार से बोलान मेल की टाइमिंग ही बदलने की तैयारी है। अब यह ऐसे समय पर गुजरेगी कि बलूचिस्तान में उसे रात का सफर ही न करना पड़े। अब यह ट्रेन दोपहर 3 बजे ही कराची से रवाना हो जाएगी। फिलहाल इसकी टाइमिंग शाम को 7 बजे की है।

बता दें कि पिछले दिनों बलूच विद्रोहियों ने करीब 500 यात्रियों से भरी एक ट्रेन को ही अगवा कर लिया था।

अंतरिक्ष से लौटीं अमीर महिलाओं ने बताया कैसी दिख रही थी धरती

वाशिंगटन। अंतरिक्ष में घूमकर लौटीं दुनिया की सबसे अमीर घरों की महिलाएं अपने अनुभव को बताते हुए काफी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि उनको लगा कि दुनिया बहुत शांत और सुंदर है। इन्होंने एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में सुरक्षित लैंडिंग की पुष्टि करते हुए, अंतरिक्ष पर्यटन कंपनी ने लिखा कि 'कैप्सूल लैंडिंग। स्वागत है, एनएस-31 क्रू!' इस दौरान वे सभी धरती से 100 किलोमीटर (60 मील) की ऊंचाई पर गई और कार्मन लाइन पार करके भारहीनता को महसूस किया।

नासा ने भारतीय मूल की नीला राजेंद्र को नौकरी से निकाला, ट्रंप ने दिया था आदेश

वाशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारतीय मूल की नीला राजेंद्र को उनके पद से हटा दिया है। वे नासा की डायवर्सिटी, इक्विटी और इंक्लूशन (डीईआई) प्रमुख थीं। यह कार्रवाई राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस कार्यकारी आदेश के तहत की गई है जिसमें देशभर में सभी डाइवर्सिटी प्रोग्राम बंद करने और इस तरह की नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का निर्देश दिया है।

हमले में मारे गए लोगों को दे रहे थे श्रद्धांजलि, तभी रूस ने दाग दी मिसाइल

कीव। रूस ने लगातार दूसरे दिन यूक्रेन के बड़े शहर सूमी को निशाना बनाया। यह घटना तब हुई जब एक दिन पहले हमले में मारे गए लोगों को स्थानीय निवासियों द्वारा श्रद्धांजलि दी जा रही थी। बताया जा रहा है कि यह यूक्रेन पर साल का सबसे बड़ा हमला है। शहरवासी तबाही से उबरने की कोशिश कर रहा है। पिछले हमले में कम से कम 30 लोगों की जान चली गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

सोमवार को जब लोग हमले के शिकार हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए, रूसी सेना ने एक और मिसाइल हमला कर दिया। फिलहाल इस हमले में हताहतों की संख्या की पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागते देखा गया। इसके पहले रविवार पाम संडे के मौके पर जब यूक्रेनी चर्च पर इकट्ठा हुए थे, दो रूसी मिसाइलों ने सूमी को निशाना बनाया। इस भीषण हमले में 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों घायल हुए थे। यह इस साल का सूमी पर सबसे घातक हमला बताया जा रहा है। इस ताज़ा हमले पर अब तक रूस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने रूस पर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। सूमी प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि राहत और बचाव कार्य जारी हैं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। यूक्रेनी सरकार ने इसे जानबूझकर किया गया क्रूर और अमानवीय हमला करार दिया है। जेलेंस्की ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए रूस पर हैवानियत करने का आरोप लगाया है।

इजराइली हमले में मरने वाले 37 लोगों में खाना बांटने वाले 6 भाई भी शामिल

गाजा सिटी। गाजा के अल-बलाह में हुए इजराइली हमले में 37 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 6 भाई शामिल हैं। इनकी उम्र 10 से 34 साल के बीच है। ये लड़के गाजा में विस्थापित परिवार के लोगों को खाना बांट रहे थे। मारे गए इन लड़कों के पिता ने कहा कि उनके बेटे सिर्फ मदद कर रहे थे, किसी भी सैन्य गतिविधि से उनका कोई संबंध नहीं था।

इस बीच इजराइली सेना ने दावा किया कि उनका निशाना एक मिलिट्री टार्गेट था।

हर 3,000 में से एक व्यक्ति के शरीर में होता है खराब जीन- शोध



लंदन। हर 3,000 में से एक व्यक्ति के शरीर में एक खराब जीन होता है, जिससे उनके फेफड़े फटने का खतरा बढ़ जाता है। इसको 'न्यूमोथोरैक्स' कहा जाता है, जो फेफड़ों से हवा के रिसाव के कारण होता है। इस बीमारी के कारण फेफड़ा पिचक सकता है, जिससे गंभीर दर्द और सांस लेने में तकलीफ होती है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने 5.5 लाख से अधिक लोगों पर अध्ययन कर यह निष्कर्ष निकाला है। उन्होंने पाया कि हर 2,710 से 4,190 लोगों में से एक में एफएलसीएन नामक जीन का एक दुर्लभ रूप होता है, जो बर्ट-हॉग-डुबे सिंड्रोम नामक आनुवंशिक बीमारी की ओर इशारा करता है। यह बीमारी न केवल फेफड़ों में गांठें (सिस्ट) बनाती है, बल्कि किडनी कैंसर का खतरा भी कई गुना बढ़ा देती है।

अध्ययन के अनुसार, जिन मरीजों को यह सिंड्रोम था, उनमें जीवनभर फेफड़े फटने का जोखिम 37प्रतिशत तक देखा गया। वहीं, सिर्फ एफएलसीएन जीन में बदलाव वाले लोगों में यह खतरा घटकर 28प्रतिशत रह गया। किडनी कैंसर के मामले में, बर्ट-हॉग-डुबे सिंड्रोम से ग्रसित लोगों में यह खतरा 32प्रतिशत था, जबकि केवल इस जीन वाले लेकिन स्वस्थ लोगों में यह महज 1प्रतिशत पाया गया। प्रोफेसर मार्सिनियाक का कहना है कि यह देखकर हैरानी होती है कि केवल खराब जीन वाले लोगों में बीमारी का खतरा अपेक्षाकृत कम है, जिससे संकेत मिलता है कि बीमारी के लिए अन्य कारक भी जिम्मेदार हो सकते हैं।

सिस्तान में 8 पाकिस्तानी मजदूरों को मारी गोली, पाकिस्तान-ईरान ने की कड़ी निंदा

तेहरान। ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को आठ पाकिस्तानी प्रवासी मजदूरों की निर्मम हत्या कर दी गई। यह घटना शनिवार को मेहरेस्तान जिले के हैजाबाद में हुई, जो पाकिस्तान की सीमा से करीब 230 किलोमीटर दूर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सभी मृतक ईरान में एक वर्कशॉप में बतौर मैकेनिक काम कर रहे थे।

समय पर बुकिंग और भुगतान नहीं करने के चलते 67 हजार जायरीन नहीं कर पाएंगे हज?

इस्लामाबाद। समय पर बुकिंग और भुगतान नहीं करने के चलते 67 हजार जायरीन इस साल हज के लिए सऊदी अरब नहीं जा पाएंगे। इन आवेदनों को अस्वीकार करने का मुख्य कारण सऊदी प्राधिकारियों को समय पर बुकिंग और भुगतान न करना था। रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब ने इस वर्ष पाकिस्तान के लिए 1,79,210 तीर्थयात्रियों का कोटा आवंटित किया था, जिसमें सरकारी और निजी टूर आयोजकों के लिए 89,605 संख्या तय की गई। हालांकि प्राइवेट स्कीम के तहत केवल 14,000 आवेदन ही स्वीकार किए गए।प्रधानमंत्री शरीफ ने निजी हज कोटे में कटौती की तत्काल जांच के निर्देश दिए, जिसकी वजह से हजारों पाकिस्तानी तीर्थयात्री 2025 में हज यात्रा पर नहीं जा पाएंगे। प्रधानमंत्री ने निजी हज कोटा हासिल करने में नाकामी के जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया।

बौनी गैलेक्सी स्मॉल मैगेलैनिक क्लाउड का अस्तित्व संकट में

वॉशिंगटन। जापानी वैज्ञानिकों ने चौंकाने वाली खगोलीय घटना के सबूत खोजे हैं। इन सबूतों से ऐसा प्रतीत होता है कि हमारी आकाशगंगा के सबसे निकट स्थित बौनी गैलेक्सी स्मॉल मैगेलैनिक क्लाउड (एसएमसी) का अस्तित्व संकट में है। जापान की नागोया यूनिवर्सिटी के खगोलविद केंगो ताचिहारा और उनकी टीम ने यूरोपीय स्पेस एजेंसी के गैया स्पेसक्राफ्ट से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया और पाया कि एसएमसी को उसका बड़ा पड़ोसी लॉर्ज मैगेलैनिक क्लाउड (एलएमसी) धीरे-धीरे नष्ट कर रहा है। पृथ्वी से लगभग दो लाख प्रकाश वर्ष दूर स्थित एसएमसी और एलएमसी के साथ मिल्की वे के चारों ओर परिक्रमा कर रहा है।

पहले माना जा रहा था कि अरबों वर्षों बाद ये दोनों गैलेक्सियां मिल्की वे में विलीन हो जाएंगी, लेकिन अब यह अनुमान और भी भयावह साबित हो सकता है। गैया स्पेसक्राफ्ट द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के आधार पर वैज्ञानिकों ने एसएमसी के भीतर मौजूद 7,000 तारों की गति का अध्ययन किया। विश्लेषण में यह पाया गया कि इन तारों की गति सामान्य नहीं है। वे गैलेक्सी के दोनों ओर विपरीत दिशाओं में जा रहे हैं, मानो कोई उन्हें दो दिशाओं में खींच रहा हो। कुछ तारे एलएमसी की ओर बढ़ रहे हैं जबकि कुछ उससे दूर। यह असमान्य गतिविधि इस बात की ओर इशारा करती है कि एलएमसी का गुरुत्वाकर्षण एसएमसी पर हावी हो रहा है और यह उसे धीरे-धीरे खींचते हुए नष्ट कर रहा है।

डीआरसी के किंशासा में बारिश और बाढ़ ने ली 70 लोगों की जान, कई बेघर

किंशासा। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के कई इलाकों में तेज बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा दी है इससे राजधानी किंशासा पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि किंशासा के 11 स्वास्थ्य क्षेत्रों में नुकसान हुआ है। वहां पांच हजार से ज्यादा लोग घर छोड़ने को मजबूर हैं।

इस आपदा से अब तक कम से कम 72 लोगों की जान जा चुकी है और 170 से ज्यादा लोग घायल हैं। देश के पूर्वी हिस्से में स्थित तांगान्यीका और साउथ किवू प्रांतों में भी भारी नुकसान हुआ है। वहां की स्थानीय सरकार जरूरतमंदों की मदद करने में जुटी है। किंशासा स्टेडियमों में आपातकालीन राहत केंद्र और आश्रय स्थलों बनाए गए हैं। हालांकि, देश के सबसे बड़े खेल स्टेडियम स्टेड दे मार्टयर में पहले ही 4,500 से ज्यादा लोग पहुंच चुके हैं। सरकार अब लोगों को दूसरे स्थानों पर भेजने की योजना बना रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि आने वाले दिनों में और भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे 1.7 करोड़ की आबादी वाले इस शहर में और ज्यादा तबाही मच सकती है। यह ध्यान देना जरूरी है कि डीआरसी में आमतौर पर बारिश का मौसम नवंबर से मई तक चलता है। वहीं, 12 अप्रैल को यूनिसेफ ने बेहद संवेदनशील आंकड़ा जारी किया था। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी के मुताबिक डीआरसी में जारी संघर्ष ने बच्चों को काफी नुकसान पहुंचाया है। रिपोर्ट के मुताबिक यूनिसेफ ने बताया कि जनवरी और फरवरी में दुष्कर्म और यौन हिंसा के करीब 10,000 मामलों में से 35 से 45 प्रतिशत पीड़ित बच्चे थे। यूनिसेफ के प्रवक्ता ने जिनेवा में बताया कि इस साल जब डीआरसी के पूर्वी हिस्से में लड़ाई सबसे ज्यादा तेज थी, तब हर आधे घंटे में एक बच्चे के साथ रेप हुआ जो बहुत ही गलत और निंदनीय है।

चीन का अमेरिका को पलटवार, बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी नहीं लें एयरलाइन कंपनियां

बीजिंग। चीन ने अपनी एयरलाइन कंपनियों को बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी नहीं लेने के आदेश दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बीजिंग ने अमेरिका में बनने वाले विमान के पार्ट्स और संचार तंत्र की खरीद रोकने का आदेश दिया है। दरअसल चीन ने यह आदेश अमेरिका के 145 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में जारी किया है। बोइंग एयरप्लेन एक अमेरिकी कंपनी है, जो एयरप्लेन, रॉकेट, सैटेलाइट, टेलीकम्यूनिकेशन इक्विपमेंट और मिसाइल बनाती है। कई देशों की एयरलाइंस कंपनियां बोइंग के बनाए प्लेन का इस्तेमाल करती हैं। बात दें कि बोइंग अमेरिका की सबसे बड़ी एक्सपोर्टर कंपनी है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी डिफेंस डील करने वाली कंपनी भी है।इतना ही नहीं चीन ने अमेरिका के साथ बढ़ती ट्रेड वॉर के बीच 7 कीमती धातुओं (रेयर अर्थ मटेरियल) के निर्यात को रोक दिया है। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए हैं। ये मटेरियल ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस बिजनेस के लिए बेहद जरूरी हैं। इस फैसले से दुनियाभर में मोटरव्हीकल, एयरक्राफ्ट, सेमीकंडक्टर और हथियार बनाने वाली कंपनियों पर असर पड़ेगा। ये महंगे हो जाएंगे। चीन ने 4 अप्रैल को इन 7 कीमती धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था। आदेश के मुताबिक ये कीमती धातुएं और उनसे बने खास चुंबक सिर्फ स्पेशल परमिट के साथ ही चीन से बाहर भेजे जा सकते हैं।

सिंगापुर में होने जा रहे आम चुनावः बजेगा भारतीयों का डंका, चुनाव भी लड़ेंगे

सिंगापुर। भारतीय समुदाय के युवाओं के साथ संवाद के दौरान सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने कहा कि आप (भारतीय समुदाय) एक छोटा समुदाय हो सकते हैं, लेकिन निश्चित रूप से सिंगापुर में आपका योगदान और आपका प्रभाव बिल्कुल भी छोटा नहीं है। वोंग ने व्यवसाय, उद्योग और लोक सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में भारतीय समुदाय के लोगों के योगदान को स्वीकारते हुए रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ 'पीपुल्स एक्शन पार्टी' (पीएपी) निश्चित रूप से आगामी आम चुनाव में भारतीय समुदाय के लोगों को भी उतारेगी।

पीएपी ने 2020 के आम चुनाव में 27 नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा था लेकिन इनमें एक भी भारतीय मूल का उम्मीदवार नहीं था जिसके बाद संसद में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठने लगे थे। वोंग के हवाले से कहा, वास्तव में, मैं कहूंगा कि आप पहले से ही सिंगापुर की भावना का प्रतिबिंब हैं। आपकी कहानी सिंगापुर की कहानी है। वोंग ने सिंगापुर में व्यापार, उद्योग और सरकार सहित कई क्षेत्रों में देश के लिए भारतीयों के योगदान को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आगामी चुनाव के लिए पीएपी से नए भारतीय उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा लेकिन उन्होंने इस बारे में ज्यादा विवरण नहीं दिया और न ही किसी का नाम बताया। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, हाल में नेताओं के साथ देखे गए नए चेहरों में 'एजेंसी फॉर इंटीग्रेटेड केयर' के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश वासु दास, 'लॉं फर्म टीटो इसाक एंड कंपनी' के प्रबंध भागीदार कवल पाल सिंह, ट्रेड यूनियन में बड़ा चेहरा जगदीश्वरन राजो और भारतीय ऑर्थोपेडिक सर्जन हामिद रजाक शामिल हैं।सिंगापुर में 2024 में सिंगापुर की आबादी में भारतीय मूल के लोग 7.6 फीसदी थे, जबकि मलेशिया के 15.1 फीसदी और चीन के 75.6 फीसदी थे।

रंगसंसार

जाह्नवी कपूर को मिली शानदार गिफ्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर हमेशा अपनी लग्जीरियस लाइफस्टाइल और शानदार कार कलेक्शन के लिए चर्चा में रहती हैं। अब उनके कलेक्शन में एक और शानदार कार जुड़ गई है। जाह्नवी को उनकी खास दोस्त अनन्या बिड़ला ने एक कार गिफ्ट की है। इस हाई-एंड तकनीक से लैस और खूबसूरत कार ने जाह्नवी के फैशन स्टेटमेंट और लाइफस्टाइल को और भी आकर्षक बना दिया है। यह कार न सिर्फ अपनी शानदार डिज़ाइन के लिए जानी जाती है, बल्कि इसका परफॉर्मेंस भी बेहद दमदार है, जो जाह्नवी की पर्सनैलिटी के अनुरूप पूरी तरह फिट बैठता है। जाह्नवी कपूर का यह नया कार कलेक्शन उनके फैंस और मीडिया में हलचल मचा रहा है, और सभी उनकी इस नई एंट्री को लेकर खासा उत्साहित हैं।

राम गोपाल वर्मा फिर विवादों में

फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, खासकर फेसबुक और यूट्यूब पर हिंदू विरोधी टिप्पणियां की हैं। इन बयानों से हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। शिकायतकर्ता ने वर्मा पर धार्मिक उकसावे और अशांति फैलाने का आरोप लगाया है। अब पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। राम गोपाल वर्मा इससे पहले भी कई बार अपने विवादित बयानों और फिल्मों के कारण सुर्खियों में रह चुके हैं।

चारू असोपा का वायरल वीडियो

टीवी एक्ट्रेस चारू असोपा ने अपनी पर्सनल लाइफ में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, खासकर अपने एक्स पति राजीव सेन के साथ हुए विवादों के बाद। हालांकि, दोनों ने अपनी बेटी ज़ियाना की बेहतरी के लिए एक साथ मिलकर फैसला लिया और उसे प्यार और देखभाल देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस बीच, चारू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह अपनी बेटी जियाना के लिए कपड़े बेचते हुए नजर आ रही हैं। वीडियो में चारू बेहद आम तरीके से कपड़े बेच रही हैं, जिससे उनके संघर्षपूर्ण जीवन की झलक मिलती है। इस वीडियो को देखकर उनके फैंस उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना कर रहे हैं।

प्रतीक को लेकर आर्य बब्बर का बड़ा बयान

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता राज बब्बर का परिवार हमेशा चर्चा में रहा है, खासकर जब उनके बेटे प्रतीक बब्बर ने अपनी शादी के जश्न में पिता राज बब्बर और सौतेले भाई-बहन को शामिल नहीं किया। इसके बाद प्रतीक ने आधिकारिक तौर पर अपने पिता का सरनेम हटा दिया और अपनी मां स्मिता पाटिल का नाम अपना लिया। हालांकि, इस पर राज बब्बर की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई, लेकिन प्रतीक के भाई आर्य बब्बर ने इस पर अपनी राय साझा करते हुए कहा था, भले ही नाम बदल लिया हो, लेकिन हम बब्बर परिवार के ही रहेंगे। नाम बदल सकते हैं, लेकिन वजूद नहीं। हाल ही में, नेशनल सिबलिंग डे पर आर्य ने अपने भाई-बहन के साथ एक फोटो शेयर की, जिसमें परिवार की इस सुदृढ़ता को दिखाया गया। आर्य के इस कदम ने यह साबित कर दिया कि नाम भले ही बदल जाए, लेकिन परिवार का रिश्ता हमेशा बना रहता है।

रैंप वॉक को सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं रखा अदा शर्मा ने

। बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा ने बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में इस बार रैंप वॉक को सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसमें दम और जुनून का तड़का भी लगा दिया। शो ओपनर बनीं अदा ने ब्लैक एंब्रॉयडरी लहंगे में रैंप पर एंट्री की, लेकिन उनका अंदाज़ बाकी हसीनाओं से बिल्कुल अलग और हैरान कर देने वाला था।

भारी कढ़ाई वाले ब्लैक लहंगे के साथ अदा ने डीप नेक ब्लाउज और साड़ी स्टाइल में पिन किया हुआ दुपट्टा पहना था, जो पूरे लुक को रॉयल बना रहा था। माथे पर बड़ा मांग टीका, गले में हैवी चोकर और ग्रेसफुल मेकअप ने उनके लुक को बेहद एलिगेंट और क्लासिक बना दिया। न्यूड लिपशेड, हल्का फाउंडेशन और शार्प कंटूरिंग से उनके फेस का ग्लो और आत्मविश्वास साफ नजर आ रहा था। लेकिन असली सरप्राइज़ तब मिला जब अदा शर्मा हाथ में तलवार लेकर रैंप पर आगे बढ़ीं। एक योद्धा रानी की तरह उन्होंने न सिर्फ तलवार के साथ ग्रेसफुल वॉक किया बल्कि बीच रैंप पर रुककर मार्शल आर्ट्स मूव्स भी दिखाए। दोनों हाथों में तलवार थामे उन्होंने स्ट्राइकिंग पोज़ दिए, जिनमें उनकी ट्रेनिंग और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

दैनिक पंचांग

16 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	मेष	05.32 बजे से
चंद्र	वृश्चिक में	वृष	07.16 बजे से
मंगल	कर्क में	मिथुन	09.14 बजे से
बुध	मीन में	कर्क	11.27 बजे से
गुरु	वृष में	सिंह	13.44 बजे से
शुक्र	मीन में	कन्या	15.56 बजे से
शनि	मीन में	तुला	18.06 बजे से
राहु	मीन में	वृश्चिक	20.21 ब.से
केतु	कन्या में	धनु	22.37 बजे से
राहुकाल		मकर	00.42 बजे से
12.00 से 1.30		कुंभ	02.29 बजे से
बजे तक		मीन	04.01 बजे से

बुधवार 2025 वर्ष का 106 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 13.18 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा अहोरात्र। **योग** व्यतीपात 00.18 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 13.18 बजे तदनन्तर बव 02.23 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 10° 08' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872316 **जूलियन दिन** 2460781.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 17 **विशेष** संकष्टी चतुर्थी, अनुसूया जयंती।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
लाभ	05.54	से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41	से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22	से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12	से	08.44 बजे तक
काल	08.15	से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44	से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19	से	11.47 बजे तक	चर	10.16	से	11.47 बजे तक
रोग	11.47	से	01.16 बजे तक	रोग	11.47	से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16	से	02.44 बजे तक	काल	01.19	से	02.51 बजे तक
चर	02.44	से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51	से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12	से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23	से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

राज्यपाल ने लगवाये जय श्री राम के नारे

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवी रोजाना नए-नए विवाद के लिए जाने जाते हैं । सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में जो फैसला दिया है ।उसके बाद भी उनमें कोई शर्म और हया देखने को नहीं मिल रही है । उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को भी एक तरह से चुनौती दे दी है ।तमिलनाडु के राज्यपाल एक इंजीनियरिंग कॉलेज के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए थे ।वहां पर उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों से जय श्री राम के नारे लगवाए । यह नारे लगवाना इसलिए भी जरूरी हो गया था । उन्हें राज्यपाल के पद पर बने रहना है ।जब तक वह अपनी निष्ठा संघ और जय श्री राम के प्रति प्रदर्शित नहीं करेंगे । उनका पद पर बने रहना शायद मुश्किल होगा । तमिलनाडु मैं उनके इस्तीफा या बर्खास्त करने की मांग तेज होने लगी है।

हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल में पलायन मुख्य मुद्दा

पश्चिम बंगाल की राजनीति बड़ी अजब गजब की है । मुख्यमंत्री के पद पर ममता बनर्जी विराजमान हैं । वही राज्यपाल के पद पर केंद्र सरकार के राज्यपाल महोदय राज भवन में विराजमान है । पश्चिम बंगाल में राज्यपाल और मुख्यमंत्री दोनों की ही सत्ता चल रही है । पुलिस प्रशासन और अधिकारी परेशान हैं । पश्चिम बंगाल की न्यायपालिका की आंखों में हमेशा पट्टी बंधी रहती है । ममता सरकार के खिलाफ और भाजपा के पक्ष में निर्णय करने की छवि न्यायपालिका की बन चुकी है । जजों को भी अपना भविष्य देखना है । जजों को मनचाहे पद तुरंत मिल रहे हैं ।ममता बनर्जी दो पाँटों के बीच में फंसी हुई है । हाल ही में मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल को लेकर जो हिंसा हुई है । उसके बाद भाजपा नेताओं ने हिंदू पलायन को लेकर ममता दीदी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है । गोदी मीडिया को ममता के इस्तीफा की सुपारी दे दी गई है ।

गोपीचंद मलिनेनी संग 'हार्ट ऑफ जाट लैंड' पहुंचे रणदीप हुड्डा



नई दिल्ली (आईएएनएस)। अभिनेता सनी देओल - रणदीप हुड्डा की हालिया रिलीज फिल्म 40 करोड़ से ज्यादा की कमाई करने में सफल रही और दर्शकों को पसंद आ रही है। फिल्म के प्रचार में जुटे हुड्डा, निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी के साथ रोहतक स्थित अपने पैतृक गांव पहुंचे, जिसे उन्होंने 'हार्ट ऑफ जाट लैंड' बताया। हुड्डा चंडीगढ के एक स्थानीय थिएटर में भी अचानक से पहुंचे और प्रशंसकों को चौंका दिया। बैसाखी के अवसर पर गांव पहुंचे रणदीप ने मलिनेनी संग घर में पके व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस पर मैं अपने रोहतक स्थित पैतृक गांव 'हार्ट ऑफ जाट लैण्ड' पहुंचा।

हॉरर सीरीज 'खौफ' में नजर आएंगे रजत कपूर

मुंबई (वार्ता)। अभिनेता रजत कपूर प्राइम वीडियो की हॉरर सीरीज 'खौफ' में नजर आएंगे। रजत कपूर एक जबरदस्त स्टोरीटेलर है, जो अपने हटके फैसलों और दमदार अभिनय से हमेशा कुछ अलग ही दिखाते आए है। वह उन कलाकारों में है जो फिल्मों में दिखावे से ज्यादा कहानी को तवज्जो देते है। उनके निभाए किरदार और कहानियां सादगी में भी गहराई लिए होती है, जो सीधे दिल को छू जाती है। रजत कपूरएक बार फिर एक अलग ही अंदाज में लौटे है।

चार बड़ी फ्रेंचाइजी का हिस्सा होने पर गर्व : अभिषेक



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बनर्जी का कहना है कि वह चार बड़ी फ्रेंचाइजी का हिस्सा होने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। पिछले छह सालों में अभिषेक बनर्जी ने बॉलीवुड की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी का अहम हिस्सा बनकर अपनी एक खास जगह बना ली है। अपनी अलग तरह की एक्टिंग और हर किरदार में ढल जाने की काबिलियत के चलते, अब वह चार बड़ी फ्रेंचाइजी से जुड़े हुए है जो आने वाले सालों में बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाली है।

अभिषेक को असली पहचान वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म 'स्त्री' से मिली, जिसमें उन्होंने 'जाना' का किरदार निभाया था। यह रोल दर्शकों को इतना पसंद आया कि अब 'स्त्री' एक पूरा यूनिवर्स बन चुका है ।'स्त्री 2' की अपार सफलता के बाद अब 'स्त्री 3' का ऐलान हो चुका है। इसके साथ ही अभिषेक 'भेड़िया' फ्रेंचाइज में भी नार आए, और अब 'भेड़िया 2' के साथ उनका इस हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में होना और पक्का हो गया है।

सेलिब्रिटी शेफ के किरदार में नजर आएंगे अबरार काजी

मुंबई (वार्ता)। अभिनेता अबरार काजी स्टार प्लस के शो 'कभी नीम नीम कभी शहद' में सेलिब्रिटी शेफ उदयवीर के किरदार में नजर आएंगे। अबरार काजी ने कहा, उदय एक सेलिब्रिटी शेफ है, बहुत पॉपुलर है, और सिर्फ़ अपने खाने के लिए नहीं, बल्कि अपने पूरे वाइब के लिए लोग उसे पसंद करते हैं। उसमें एक नैचुरल चार्म है, खासकर यंगस्टर्स के बीच। वो मजेदार है, जिंदादिल है, और लोगों को अपनी ओर खींचने का उसका अपना अंदाज है। उसका एक छोटा सा करीबी ग्रुप है, और वो उनके लिए काफी प्रोटेक्टिव है। जरूरत पड़ी तो उनके लिए फैमिली से भी भिड़ जाएगा। अबरार काजी ने कहा, 'मुझे जो सबसे ज्यादा पसंद है वो ये है कि वो सिर्फ़ बाहर से खुशमिजाज और बेफिक्री वाला लड़का नहीं है। अंदर ही अंदर उसे अपनी माँ की बहुत याद आती है, ये उसकी जिंदगी का एक हिस्सा है जो चुपचाप दर्द झेल रहा है। वो मस्तमौला है, लेकिन उसके अंदर गहराई भी है।

'ग्राउंड जीरो' का रेड कार्पेट प्रीमियर श्रीनगर में 18 को

मुंबई (वार्ता)। एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का रेड कार्पेट प्रीमियर, 18 अप्रैल को श्रीनगर में होगा। एक्सेल एंटरटेनमेंट की आने वाली एक्शन थ्रिलर फिल्म ग्राउंड जीरो को लेकर हर दिन जोश और उत्साह बढ़ता जा रहा है। दमदार ट्रेलर रिलीज के बाद फिल्म के नए-नए पोस्टर्स ने भी लोगों की दिलचस्पी और बढ़ा दी है। इसी बीच अब ये फिल्म इतिहास रचने जा रही है। ग्राउंड जीरो, 38 साल बाद श्रीनगर, कश्मीर में रेड कार्पेट प्रीमियर पाने वाली पहली फिल्म होगी।

ग्राउंड जीरो, 18 अप्रैल को श्रीनगर में होने वाले अपने रेड कार्पेट प्रीमियर के साथ नया इतिहास रचने जा रही है। पिछले 38 सालों में श्रीनगर में किसी भी फिल्म का प्रीमियर नहीं हुआ, और अब ग्राउंड जीरो इस खामोशी को तोड़ने वाली पहली फिल्म बनेगी। इस खास मौके पर फिल्म सबसे पहले उन जवानों और आर्मी अफसरों को दिखायी जाएगी, जो बॉर्डर पर खड़े होकर हमारी हिफाजत कर रहे हैं। ये कदम न सिर्फ फिल्म के देशभक्ति से जुड़े विषय को बख़ूबी दर्शाता है, बल्कि असली हीरोज को सच्ची श्रद्धांजलि भी है।

इमरान हाशमी ने फिल्म ग्राउंड जीरो में बीएसएफ कमांडेंट नरेंद्र नाथ धर दुबे का किरदार निभाया है, जिन्होंने ग़ाजी बाबा को मार गिराने वाले ऑपरेशन का नेतृत्व किया था। यह मिशन बीएसएफ के पिछले 50 सालों में सबसे बेहतरीन ऑपरेशन के तौर पर दर्ज है। ग्राउंड जीरो एक सच्ची घटना पर आधारित है, जो भारतीय इतिहास के एक कम सुने गए लेकिन बेहद अहम अध्याय को दर्शकों के सामने लाती है।

मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में काम करेंगी करीना कपूर

मुंबई (वार्ता)। करीना कपूर खान फिल्मकार मेघना गुलजार की आने वाली फिल्म दायरा में करीना कपूर, पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ काम करती नजर आएंगी। करीना कपूर ने इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, ''मेरा मानना है कि मैं एक निर्देशक की कलाकार हूं।और इस बार मैं हमारे सबसे बेहतरीन निर्देशकों में से एक, मेघना गुलजार और शानदार पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। मैं इनके काम की प्रशंसक हूं। अपनी ड्रीम टीम दायरा से बस यही कहूंगी आइए मिलकर आगे बढ़ते हैं।'' करीना ने कहा, हिंदी सिनेमा में 25 साल पूरे होने के मौके पर मैं अपनी अगली फिल्म दायरा की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं, जिसकी निर्देशक मेघना गुलजार हैं। तलवार से लेकर राजी तक, मैं उनके काम की प्रशंसक रही हूं और उनके प्रोजेक्ट में काम करना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा है।

भोजपुरी फिल्म गुम है किसी के प्यार में की शूटिंग शुरू

मुंबई (वार्ता)। पृथ्वी तिवारी और संचिता बनर्जी की भोजपुरी फ़िल्म गुम है किसी के प्यार में की शूटिंग शुरू हो गई है। शूटिंग उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में हो रही है। फ़िल्म के निर्देशक संदीप मिश्र नें बताया कि फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक एवं दर्शकों में रोमांच पैदा करने वाली है।अभिनेता पृथ्वी तिवारी फिल्म मे मुख्य भूमिका निभा रहे है तथा संचिता बनर्जी,संजुक्ता राय,मनोज सिंह टाइगर,साहब लाल धारी,प्रमोद पांडे,चेतन सिंह,अंशु तिवारी, रमेश यादव, मनमोहन मिश्रा ,अंशु तिवारी भी अहम भूमिका में है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 1277 /न.पा.नि / राजस्व/2023-24 रीवा दिनांक 15/04/2025

अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोल पार्क (वस स्टैन्ड) जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है मे निर्मित दूकान क्रमांक 46 (भूतल) श्री रामगरीब हेलवाई पिता स्व श्री बैजनाथ हेलवाई को 35 माह के लिए किराये पर आबंटित है। जिसका नामांतरण श्री हरीश कुमार हेलवाई पिता श्री हीरालाल हेलवाई निवासी वार्ड क्रमांक 18 गोल पार्क वस स्टैन्ड रीवा (म. प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 03.01.2025 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त दूकान क्रमांक 46 (भूतल) के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदक श्री रामगरीब हेलवाई के आवेदन अनुसारदूकान क्रमांक 46 (भूतल) का नामान्तरणश्री हरीश कुमार हेलवाई पिता श्री हीरालाल हेलवाई निवासी वार्ड क्रमांक 18 गोल पार्क वस स्टैन्ड रीवा (म. प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी

उपायुक्त (राजस्व)
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

फिर से चर्चा में टाइप-5 डायबिटीज कुपोषण से होती है ये बीमारी

'अल्बर्ट आइंस्टीन कॉलेज ऑफ मेडिसिन' में प्रोफेसर मेरीडिथ हॉकिंस, कहती हैं, यह खोज हमारे इस बीमारी को समझने के तरीके को पूरी तरह बदल देती है और इसके इलाज को लेकर नया रास्ता दिखाती है। 2022 में 'डायबिटीज केयर' नामक जर्नल में छपे एक अध्ययन में, डॉ. हॉकिंस और उनके सहयोगियों ने यह साबित किया कि यह बीमारी टाइप-2 डायबिटीज (जो मोटापे के कारण होती है) और टाइप-1 डायबिटीज (जो एक ऑटोइम्यून बीमारी है) से बिल्कुल अलग है। हालांकि डॉक्टरों को अब भी यह ठीक से समझ नहीं आ पाया है कि टाइप-5 डायबिटीज के मरीजों का इलाज कैसे किया जाए, क्योंकि कई मरीज बीमारी का पता चलने के एक साल के भीतर ही नहीं बच पाते। हॉकिन्स के अनुसार, इस बीमारी को पहले ठीक से पहचाना नहीं गया और न ही इसे अच्छे से समझा गया। कुपोषण से होने वाली डायबिटीज टीबी से ज्यादा है और लगभग एचआईवी/एड्स जितनी ही आम है। कोई आधिकारिक नाम न होने के कारण मरीजों की पहचान करने या असरदार इलाज ढूंढने में दिक्कत आ रही थी। इस बीमारी को अच्छे से समझने और इसका इलाज ढूंढने के लिए, आईडीएफ ने एक टीम बनाई है। इस टीम को अगले दो सालों में टाइप 5 डायबिटीज के लिए औपचारिक पहचान और इलाज के नियम बनाने का काम सौंपा गया है। यह टीम बीमारी की पहचान के मापदंड तय करेगी और इसके इलाज के लिए नियम बनाएगी। यह रिसर्च में मदद के लिए एक ग्लोबल रजिस्ट्री भी बनाएगी और दुनिया भर के स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए अध्ययन सामग्री तैयार करेगी।

इस बीमारी से दुनिया भर में लगभग 2 से 2.5 करोड़ लोग प्रभावित हैं, जिनमें ज्यादातर लोग एशिया और अफ्रीका में रहते हैं

कप्तान के बचाव में आये बिश्नोई

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने अपनी टीम के कप्तान ऋषभ पंत का बचाव किया है। इससे पहले चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले में अंतिम ओवरों में बिश्नोई को गेंदबाजी नहीं दिये जाने के लिए ऋषभ की आलोचना हुई थी। इसी को लेकर बिश्नोई ने कहा कि कि अंतिम ओवरों में कप्तान के दिमाग में कुछ खास योजनाएं थीं। सीएसके को जब 30 गेंद पर 56 रन की जरूरत थी और धोनी व शिवम दुबे खेल रहे थे तब ऋषभ ने स्पिनर की जगह पर तेज गेंदबाजों को अवसर दिया पर ये प्रयोग विफल रहा।

श्रेयस बने आईसीसी के मार्च महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मार्च महीने के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला है। श्रेयस ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रविंद्र को पीछे छोड़ा। अय्यर ने चैम्पियंस ट्रॉफी में आक्रामकम बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट में सबसे अधिक 243 रन बनाये थे और भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

नीलामी की रकम से अलग होती है मेच फीच

मुम्बई। आईपीएल में निलामी में मिलने वाली रकम और मैच फीस को लेकर प्रशंसकों में संशय बना रहता है। आईपीएल में मैच फीस उन खिलाड़ियों को मिलती है जो अंतिम ग्यारह में शामिल होते हैं। या जो खिलाड़ी इंपैक्ट प्लेयर के रुप में उतरता है। बीसीसीआई आईपीएल में मैच फीस के तौर पर खिलाड़ियों को 7.5 लाख रुपए देती है। वहीं जो खिलाड़ी अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं होता उसे ये फीस नहीं मिलती है।

धोनी ने क्यूरेटर से अच्छी पिच बनाने कहा

लखनऊ। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स पर जीत के बाद कहा है कि बल्लेबाजों को अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभानी होगी। सीएसके को पांच मेचों में हार के बाद जीत मिली है। उसे इस सत्र में अपने चेन्नई के चेपॉक मैदान में भी हार मिली थी। इसी को देखते हुए अब धोनी ने चेपॉक के क्यूरेटर से अच्छी पिच तैयार करने को कहा है।

प्रशंसक ने नीता अंबानी से रोहित को कप्तान बनाने मांग की

मुम्बई। रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने पांच बार आईपीएल खिताब जीता है। ऐसे में मुम्बई के प्रशंसक चाहते हैं कि एक बार फिर टीम की कप्तानी उन्हें दी जाये। आईपीएल के पिछले सत्र में रोहित की जगह पर हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया गया था जिससे प्रशंसकों में नाराजगी भी रही।

दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स में मुकाबला आज

नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली इस सत्र में अब तक एक ही मैच हारी है। पिछले मैच में उसे अच्छे प्रदर्शन के बाद भी मुम्बई इंडियंस से मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं अब घरेल मैदान पर होने वाले इस मैच में कैपिटल्स जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। अक्षर पटेल की कप्तानी में उतरी दिल्ली के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज है जिससे वह राजस्थान पर भारी पड़ेगी।

पिछले मैच में टीम की ओर से स्पिनर कुलदीप यादव और युवा विपराज निगम ने अच्छा प्रदर्शन किया था जिसे वह इस सत्र में भी बनाये रखना चाहेंगे। अक्षर पिछले मैच में विकेट नहीं ले ये थे और वह ये कमी इस मैच में पूरी करना चाहेंगे। इसके अलावा वह बल्लेबाजी में भी विफल रहे थे। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क लय को भी अगर बने रहना तो रन बनाने होंगे। अब तक वह 50 रन भी नहीं बना पाये हैं। पिछले मैच में करुण नायर ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर 82 न बनाये थे। अब इस मैच में भी उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। मध्यक्रम में केएल राहुल ,ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा पिछले मैच में विफल रहे थे पर इस मैच में इनको रन बनाने होंगे।

वहीं दूसरी ओर संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स की राह आसन नहीं है। वह छह में से केवल दो मैच ही जीती है, इससे उसका मनोबल कमजोर हुआ है। इस प्रकार वह आठवें स्थान पर फिसल गयी है। रॉयल्स के बल्लेबाज और गेंदबाज अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। यशस्वी जायसवाल केवल एक मैच में ही अर्धशतक बना पाये हैं। कप्तान सैमसन और रियान पराग व ध्रुव जुरेल भी बल्लेबाजी में असफल रहे हैं। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। संदीप शर्मा के अलावा कोई भी गेंदबाज प्रभावित नहीं कर पाया है। दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं ः दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगुर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव।

चेन्नई ने लखनऊ को 5 विकेट से हराया:धोनी ने 11 गेंद पर 26 रन बनाए

लखनऊ आईपीएल टी 20 टूर्नामेंट में आखिरकार धोनी की तेज पारी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 5 विकेट से हरा दिया। सोमवार को इकाना स्टेडियम में चेन्नई ने बॉलिंग चुनी। लखनऊ ने 7 विकेट खोकर 166 रन बनाए। चेन्नई ने 19.3 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने 11 गेंद पर 26 रन बनाए। शिवम दुबे ने 43, रचिन रवींद्र ने 37 और शेख रशीद 27 रन बनाए। रवींद्र जडेजा और मथीश पथिराना ने 2-2 विकेट लिए। लखनऊ से ऋषभ पंत ने फिफ्टी लगाई। रवि बिश्नोई ने 2 विकेट लिए।

चेन्नई ने पांचवें ओवर में पहला विकेट गंवाया। आवेश खान ने ओवर की पांचवीं बॉल पर शेख रशीद को निकोलस पूरन के हाथों कैच कराया। रशीद ने 19 गेंद पर 27 रन बनाए। चेन्नई ने 8वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बॉल पर ऐडन मार्करम ने रचिन रवींद्र को पगबाधा आउट किया। रचिन ने 37 रन बनाए। चेन्नई ने 13वें ओवर में चौथा विकेट गंवाया। रवि बिश्नोई ने ओवर की दूसरी गेंद पर रवींद्र जडेजा को कैच कराया। जडेजा 11 गेंद पर 7 ही रन बना सके। चेन्नई ने 9वें ओवर में तीसरा विकेट भी गंवा दिया। रवि बिश्नोई ने ओवर की पांचवीं बॉल पर राहुल त्रिपाठी को पवेलियन भेजा। बिश्नोई ने अपनी ही बॉलिंग पर त्रिपाठी का कैच पकड़ा। त्रिपाठी 10 गेंद पर 9 ही रन बना सके।इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी लखनऊ सुपरजायंट्स ने 20 ओवर में 166 रन बनाए। टीम ने 7 विकेट भी गंवा दिया। मथीश पथिराना और रवींद्र जडेजा ने 2-2 विकेट लिए। अंशुल कम्बोज और खलील अहमद को 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रन आउट भी हुआ। ऋषभ पंत 20वें ओवर में आउट हुए। उन्हें ओवर की दूसरी गेंद पर मथीश पथिराना ने कैच कराया। पंत ने 49 गेंद पर 63 रन की पारी खेली। लकनऊ ने 20वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। एमएस धोनी के डायरेक्ट हिट से अब्दुल समद रन आउट हुए।

बैशाखियों पर होने के बाद भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे द्रविड़

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर और रॉजस्थान रॉयलस के कोच राहुल द्रविड़ पैर में चोट के बाद भी आजकल आईपीएल में अपनी जिम्मेदारी निभाते दिख रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच हुए मुकाबले में भी वह बैशाखियों के सहारे मैदान पर पहुंचे और उन्होंने खिलाड़ियों से भी हाथ मिलाया हालांकि इससे पहले विराट कोहली ने उनसे आग्रह किया था कि वे ऐसी हालत में मैदान पर न जाएं पर द्रविड़ ने कोहली की भावुक अपील को मानने के बजाय खेल भावना को ऊपर रखा।

वह मैदान पर गए और खिलाड़ियों से मिले। द्रविड़ के इस जज्बे ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। द्रविड़ को पैर में चोट बेंगलुरु में आईपीएल शुरू होने से पहले क्रिकेट खेलते समय लगी थी, लेकिन इसके बावजूद वह अपने टीम के अभ्यासा सत्र में भी पूरी पर मैदान पर रहे। राजस्थान और आरसीबी मैच से पहले कोहली और द्रविड़ की मुलाकात का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। इससे पहले हुए सीएसके के मैच में महेन्द्र सिंह धोनी सहित कई अन्य खिलाड़ियों ने भी द्रविड़ से मुलाकात की थी। द्रविड़ भारतीय टीम के पूर्व कप्तानी और कोच रहे हैं और सभी खिलाड़ी उनका बेहद सम्मान करते हैं।

मुझे आईपीएल में पुराने अनुभवों का लाभ मिला: करुण नायर

मुम्बई । आईपीएल के इस सत्र में शानदार पारी खेलकर वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा है कि उन्हें अपने पुराने अनुभवों का लाभ मिला। इसलिए उन्हें सत्र के पहले मैच में कोई परेशानी नहीं आई। इसका कारण है कि वह मानसिक रुप से खेलने के लिये पूरी तरह से तैयार थे और उन्हें पता था कि कैसे खेलना है । करुण तीन साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे, ऐसे उनके प्रदर्शन को लेकर आशंकाएं जाहिर की जा रहीं थी। करुण ने 2022 में अंतिम बार आईपीएल खेला था। उसके बाद उन्हें अवसर नहीं मिला था हालांकि घरेलू क्रिकेट में इस बची उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। वापसी के अपने पहले ही मैच में करण ने अपनी 89 रनों की पारी से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने जसप्रीत बुमराह जैसो गेंदबाज पर भी जमकर शॉट लगाये। एक ओवर में बुमराह पर दो छक्के लगाने की क्षमा सभी में नहीं होती पर करूण ने यह कर दिखाया। उनके इस प्रदर्शन का कारण घरेलू क्रिकेट का शानदार प्रदर्शन भी है जिसमें उन्होंने विदर्भ के लिए विभिन्न प्रारूपों में पिछले सत्र में 1870 रन बनाए। इस कारण उनका मनोबल बढ़ा हुआ था।

करूण ने कहा, 'मुझे आईपीएल में पहले खेलने का लाभ मिला। इससे मुझे पता था कि कैसे खेलना है। मेरे लिए कुछ भी नया नहीं था। मेरे दिमाग में तैयारी पूरी थी। बस मौके का इंतजार था। कुछ गेंद खेलकर फिर लय में आने की बात थी। वर्ष 2022 में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे करूण ने पावरप्ले के दौरान पारंपरिक शॉट्स खेलने के बारे में कहा, 'मैं अपने से यही कह रहा था कि समय दो, आम शॉट खेलो और उसके बाद तेजी से खेल सकते हो। सब कुछ वैसे ही हुआ। पिछले चार मैचों में मौका नहीं मिलने के बावजूद उन्हें भारोसा था कि उन्हें मौका मिलेगा और इसका उन्होंने पूरा लाभ उठाया। उनका करियर भी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। भारतीय टीम इंडिया से बाहर होने के बाद न उन्हें आईपीएल में मौका मिला और न ही घरेलू टीम कर्नाटक ने शामिल किया था। कर्नाटक टीम से बाहर होने के बाद करुण ने विदर्भ से रणजी और विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। जिससे उन्हें आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स ने अपनी टीम में शामिल किया।

गावस्कर ने पाटीदार के रवैये की प्रशंसा की

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार की जमकर प्रशंसा की है। गावस्कर ने कहा है कि पाटीदार ने काफी अच्छी कप्तानी की है। उनके सहज रवैए से टीम ने इस सत्र में अब तक अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। पाटीदार ने टीम में नया उत्साह जगह है जिससे वह बड़े हुए मनोबल से उतर रही है। इस बार आरसीबी ने 17 साल के बाद चेन्नई के चेपॉक में जीत हासिल करने के अलावा वानखेड़े स्टेडियम में भी जीत हासिल की है। वानखेड़े में ये जीत टीम को पिछले सत्रों में छह मैचों की हार के बाद मिली है।

गावस्कर ने कहा,''कप्तान के रूप में पाटीदार काफी कुशल हैं। उनकी टीम ने पिछले 17 साल में खिताब नहीं जीता है और अब उसके खिलाड़ी समझ रहे हैं कि जीतने के लिए क्या करना चाहियेहै। एक सहज और संयमित कप्तान के साथ टीम के साथ जुड़े अन्य खिलाड़ी भी अपनी ओर से सवश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास कर रहे हैं।'' गावस्कर ने टीम मेंटर दिनेश कार्तिक के कामकाज को भी सराहा। उन्होंने कहा, ''आरसीबी के पास कई अनुभवी लोग हैं जो हमेशा सहायता करने के लिए तैयार रहते हैं। उसके पास मजबूत सहयोगी स्टाफ है। उसके सहयोगी स्टाफ में कार्तिक जैसा व्यक्ति है जिसके प्रभाव को लेकर लोगों को अधिक जानकारी नहीं है।''

गावस्कर ने कहा, '' कार्तिक ऐसे मेंटर हैं जो युवा खिलाड़ियों के साथ समय बिताते हैंहै। उनका मार्गदर्शन करते है और उन्हें जरुरी सलाह देते हैं। । पाटीदार की को एक ऐसी टीम मिली है जो जीत चाहती है। '' साथ ही कहा कि अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहले के बड़े शॉट खेलने से भी काफी अलग प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा, ''कोहली इस बार शुरू से ही लंबे शॉट खेलने का प्रयास कर रहे हैं जबकि पहले वह अपनी पारी में बाद में इस तरह के शॉट खेलते थे। इससे भी टीम के आक्रामक इरादों का अंदाज होता है। '' वहीं गावस्कर ने कहा कि खराब फार्म से जूझ रहे मुम्बई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अपने शॉट चयन पर ध्यान दें। उन्होंने कहा,''जब वह पावर प्ले में आउट हो जाता है, तो दुख होता है। फिर चाहे वह मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहा हो या भारत के लिए। ''

जम्पा चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर हुए

हैदराबाद । सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे आॅस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए सत्र से बाहर हो गये हैं। जम्पा के कंधे में खिंचाव आया है। इसी कारण राजस्थान रॉयल्स के साथ खेले गए मैच में उन्हें गेंदबाजी के दौरान परेशानी आई। इसके बाद वह स्वदेश लौट गये हैं। जम्पा ने इस टूर्नामेंट के पहले दो मैचों में इम्पैक्ट सब के रूप में खेलते हुए 48 और 46 रन देकर एक-एक विकेट लिया था। जंपा जैसे अनुभवी स्पिनर का बाहर होना खिलाड़ियों के खराब फार्म से जूझ रही सनराइजर्स के लिए भी करारा झटका है।



पहले माना जा रहा था कि जम्पा थो? आराम के बाद आईपीएल में वापसी करेंगे पर अब इसकी संभावना समाप्त हो गये है क्योंकि सनराइजर्स ने उनकी जगह कर्नाटक के बल्लेबाज आर स्मरण को टीम में शामिल कर लिया है। जम्पा अब अगले कुछ माह नहीं खेल पायेंगे। इसी कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से भी बाहर रहेंगे।

धोनी से बात करते दिखे गोयनका

लखनऊ। यहां लखनऊ सुपर जॉइंट्स और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के बीच हुए मैच के बाद सुपर जॉइंट्स के मालिक संजीव गोयनका सीएसके टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से बात करते हुए दिखे। धोनी ने इस मैच में अच्छी बल्लेबाज करते हुए अपनी टीम को जीत दिलायी थी। गोयनका को धोनी से बात करते हुए देखकर सभी हैरान हो गये क्योंकि एक समय उन्होंने धोनी को अपनी राइजिंग पुणे सुपर जॉइंट्स टीम से हटा दिया था। इस बार दोनों की मुलाकात और बातचीत की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किये जा रहे हैं। इस दौरान लखनऊ सुपर जॉइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत भी वहां मौजूद थे।राइजिंग पुणे सुपर जॉइंट्स टीम सिर्फ दो सत्र ही खेली और भंग हो गई। 2016 के आईपीएल में पहली बार यह टीम दिखी थी जिसके कप्तान महेंद्र सिंह धोनी थे। वहीं 2017 के सीजन से पहले ही गोयनका ने अचानक ही धोनी को टीम और उसकी कप्तानी से बाहर कर दिया था। वहीं अगर बात सुपर जॉइंट्स से मैच की करें तो धोनी ने इस मैच में एक बार फिर दिखाया है वह फिनिशिर के तौर पर अब भी बेहतरीन हैं। धोनी ने इस मैच में तेजी से 26 रन बनाये थे। उन्हें नियमित कप्तान रितुराज गायकवाड़ के चोटिल होकर बाहर होने के कारण कप्तान बनाया गया था।

सलीमा की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली। मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 26 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी इंडिया इसी माह पांच मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। हॉकी इंडिया ने इस दौरे के लिए पांच नये खिलाड़ियों को भी शामिल किया है। भारतीय टीम इस दौरे में 26 अप्रैल से चार मई तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में खेलेगी। इस दौरे से नये खिलाड़ियों को भी अपने को साबित करने का अवसर मिलेगा। भारतीय टीम भारत इस दौरे में पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से खेलेगी और उसके बाद तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगी। सभी पांच मैच पर्थ स्टेडियम में ही खेले जाएंगे।

इस दौरे से टीम को जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के टीम के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए भी अवसर मिलेगा। इस बार टीम में पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को पहली बार शामिल किया गया है। इस प्रकार टीम में अनुभवी और नए खिलाड़ी दोनो ही शामिल हैं। टीम की कप्तानी जहां सलीमा टेटे के पास रहेगी। वहीं अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी। अनुभवी सविता और युवा बिचू देवी खारीबाम गोलकीपर रहेंगी जबकि रक्षा पंक्ति में ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा शामिल हैं। मध्य पंक्ति की कमान कप्तान टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेम्सियामी पर होगी। नवनीत कौर, दीपिका, रुताजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। बंसारी सोलंकी (गोलकीपर), अंजना डुंडुंग और लालथंटलुआंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला और खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर) तथा मोनिका टोप्पो और सोनम (फॉरवर्ड) को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में रखा गया है।

आईपीएल के पिछले सत्र का एक रिकार्ड अब तक नहीं टूटा

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले जारी है। है। पिछले सत्र की तरह इस सत्र में भी जमकर रन बरस रहे हैं। पिछले सत्र में एक मैच में सबसे अधिक 549 रन बने थे और ये रिकार्ड अब तक बना हुआ है। इस सत्र में अब तक एक मैच में कुल 523 रन ही बने हैं। इस सत्र में पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 286 रन बनाये थे। इसके बाद लगा था कि टीम बाद के मैचों में 300 रनों का आंकड़ा हासिल करेगी पर ऐसा हुआ नहीं। इससे पहले सनराइजर्स ने पिछले सत्र में भी 287 रन बनाये थे। 2024 के इस मैच में कुल मिलाकर सबसे अधिक रन बने थे। तब पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स ने ट्रैविस हेड के तूफानी शतक से 20 ओवर में 3 विकेट पर 287 रन बनाए थे। हेड के अलावा हेनरिक क्लासेन ने भी अर्धशतक लगाया था। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की धीमी शुरुआत की टीम ने 10 ओवर में 122 ही बनाये। इसके बाद दिनेश कार्तिक ने 35 गेंदों पर ही 83 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया हालांकि वह उसे लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाये। आरसीबी ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 262 रन बनाए। इस प्रकार एक ही मैच में कुल 549 रन बने। अब तक चार बार आईपीएल में 500 से अधिक रन बने हैं। इस सत्र में सनराइजर्स और राजस्थान रॉयल्स के बची मैच में 529 रन बने थे जबकि पिछले सत्र में केकेआर और पंजाब किंग्स के मैच में एक बार 523 और सनराइजर्स व मुम्बई इंडियंस मैच में भी इतने ही रन बने थे।

आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे पर जाएगी भारतीय टीम

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम का आगे का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। टीम को आईपीएल के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इससे 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत होगी। भारतीय टीम इस बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में नहीं पहुंच पाई है इसलिए उसका लक्ष्य नये सत्र की अच्छी शुरुआत करना रहेगा।



इसके अलावा भारतीय टीम 18 साल के अंतराल के बाद पटौदी ट्रॉफी भी जीतना चाहेगी क्योंकि 2021-22 में वे इसे बहुत कम अंतर से हार गए थे। यह सीरीज रेड-बॉल क्रिकेट में देश के लिए नई शुरुआत भी कर सकती है क्योंकि 2024-25 सीजन में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इसमें एक नया कप्तान टीम की कमान संभाल सकता है।

वहीं सफेद गेंद क्रिकेट में ध्यान टी20आई क्रिकेट पर रहेगा क्योंकि 2026 टी20 विश्व कप अगला आईसीसी टूर्नामेंट है। भारत का लक्ष्य इसमें अपने घरेलू मैदान पर अपने खिताब की रक्षा करना होगा। इस प्रतियोगिता की सह मेजबानी श्रीलंका भी करेगा। अगले 12 महीनों में, भारत नौ टेस्ट मैच और 12 वनडे मैच खेलेगा। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम एशिया कप और टी20 विश्व कप के मैचों के अलावा 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेलेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर 21 जून से 4 अगस्त 2025 के बीच 5 टेस्ट मैच खेलेगी। अगस्त में ही भारत को बांग्लादेश के दौरे पर 3 वनडे और इतने ही मुकाबलों की टी20 सीरीज खेलनी है। वहीं सितंबर 2025 में एशिया कप का आयोजन किया जाना है। वेस्टइंडीज की टीम 2 टेस्ट मैच खेलने अक्टूबर में भारत दौरा करेगी। इसके बाद टीम इंडिया अक्टूबर ङ्क नवंबर 2025 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी. यहां 3 एकदिवसीय और 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी जबकि अंत में उसे दक्षिण अफ्रीका ओर न्यूजीलैंड से खेलना है।

कलेक्टर पेयजल व्यवस्था और गेंहू उपार्जन की सतत मानीटरिंग करें - कमिश्नर

रीवा (कीर्तिप्रभा)5. रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के कार्य कराएं। इस अभियान में जनता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करके इसे जन-जन का अभियान बनाएं। जल संरक्षण से ही धरती पर मानव जीवन और समस्त जीवों के जीवन को सुरक्षा मिलेगी। इसकी कार्ययोजना में शामिल निर्माण कार्यों को एक सप्ताह में प्रशासकीय और तकनीकी स्वीकृति जारी कराकर उत्सव के माहौल में जल संरक्षण के कार्य कराएं। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के मैहर और मऊगंज नवगठित जिले हैं। सभी प्रभारी अधिकारी इन जिलों का कम से कम दो दिन अनिवार्य रूप से भ्रमण करें।

कमिश्नर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए नियमित सुनवाई करके दो वर्ष से अधिक अवधि के सभी राजस्व प्रकरण तीन माह में निराकृत करें। सीमांकन के सभी प्रकरण एक माह की समय सीमा में निराकृत करें। पिछले दो माह में सभी जिलों में नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरण बड़ी संख्या में निराकृत किए गए हैं। बंटवारे के प्रकरणों के निराकरण में रीवा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। लोक सेवा गारंटी में तय समय सीमा में राजस्व प्रकरणों के निराकरण न होने तथा साइबर तहसील में समय सीमा में रिपोर्ट दर्ज न होने पर जुर्माने की कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में भी 50 दिन से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण कराएं। पिछले दो महीने में लंबित पेंशन प्रकरण बड़ी संख्या में निराकृत किए गए हैं। कलेक्टर पेंशन प्रकरणों के निराकरण की हर सप्ताह समीक्षा करें।

कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में गेंहू का उपार्जन शुरू हो गया है। उपार्जन केन्द्रों में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। राजस्व अधिकारी भी खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। उपार्जित गेंहू के सुरक्षित भण्डारण तथा किसानों को तीन दिवस में भुगतान सुनिश्चित करें। कलेक्टर पेयजल व्यवस्था की भी सतत निगरानी करें। जिन क्षेत्रों में जल स्तर घटने से हैण्डपंप बंद हो गए हैं वहाँ सिंगल फेज मोटर की व्यवस्था करके पानी की आपूर्ति कराएं। पेयजल समस्यामूलक गांवों का चिन्हांकन करके उनमें पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। पीएचई विभाग के अधिकारी खराब हैण्डपंपों के सुधार और नलजल योजनाओं को सतत चालू रखने के लिए लगातार प्रयास करें। जिला और विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर पेयजल व्यवस्था की निगरानी करें। खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों का 30 अप्रैल तक ई केवाईसी सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ मृत और स्थाई रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों के नाम पृथक करने की कार्यवाही करें। अप्रैल माह के आवंटन का उठाव संतोषजनक नहीं है। नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी शत-प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव करके तीन दिवस में उचित मूल्य दुकानों में भण्डारित कराएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। कलेक्टर खाद्यान्न वितरण की भी हर सप्ताह समीक्षा करें।

बैठक में कमिश्नर ने स्कूल चलें हम अभियान के तहत विद्यार्थियों के शाला प्रवेश, निःशुल्क पुस्तकों के वितरण, जल गंगा संवर्धन अभियान, वृक्षारोपण तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री श्री पटेल दो दिवसीय प्रवास पर आज आएंगे रीवा

प्रभारी मंत्री 17 अप्रैल को बिछिया नदी उद्गम स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

रीवा (कीर्तिप्रभा) रीवा जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल दो दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। प्रभारी मंत्री श्री पटेल सतना जिले से 16 अप्रैल को शाम 6 बजे प्रस्थान कर शाम 7 बजे रीवा में श्री विशम्भरनाथ पटेल के निवास पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री रात 8.15 बजे राजनिवास रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। प्रभारी मंत्री 17 अप्रैल को सुबह 7 बजे राजनिवास से प्रस्थान करेंगे तथा सुबह 8 बजे मऊगंज पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बिछिया नदी उद्गम स्थल पर पूजन, जनचर्चा एवं ग्रामसभा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री सुबह 10.30 बजे वापस राजनिवास रीवा पहुंचेंगे तथा सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में शामिल होंगे।

टीएल बैठक आज

रीवा (कीर्तिप्रभा). कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 16 अप्रैल को टीएल बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रात- 11 बजे से आयोजित बैठक में सभी जिला प्रमुखों, एसडीएम, सीईओ जनपद तथा तहसीलदारों की उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं। टीएल बैठक के उपरांत कलेक्टर राजस्व अधिकारियों की बैठक लेंगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, जल गंगा संवर्धन अभियान, गेंहू उपार्जन, पेयजल व्यवस्था, बिजली की आपूर्ति, स्कूल चले हम अभियान की समीक्षा की जाएगी।

खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

रीवा (कीर्तिप्रभा). संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण द्वारा एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। इस प्रतियोगिता के पदक विजेता प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान की जायेगी। इस संबंध में संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिले के प्रतिभावान पदक विजेता खिलाड़ियों से वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति प्रदान करने के आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। खेलवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 31 मई निर्धारित की गयी है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। खेलवृत्ति के लिए आवेदन संबंधी जानकारी संभागीय खेल और युवा कल्याण कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपये रजक पदक विजेता खिलाड़ी को 8 हजार रूपये और कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 6 हजार रूपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। खेलवृत्ति के लिए निर्धारित दिशा निर्देश और नियमावली विभागीय वेबसाइट डीएसवाईडब्ल्यूएमपी डॉट जीओव्ही डॉट इन पर उपलब्ध है।

समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों का निराकरण करें - कमिश्नर

रीवा (कीर्तिप्रभा). रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें। इस माह प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन में स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा विभाग की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना एवं प्रसूति सहायता, गृह विभाग की एफआईआर लिखने में देरी तथा ऊर्जा विभाग की बिजली न आने एवं वोल्टेज संबंधी शिकायतों की समीक्षा की जाएगी।

निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं में राजस्व विभाग के खसरा ऑनलाइन अपडेट करने, नामांतरण एवं बंटवारे से संबंधित प्रकरण, ग्रामीण विकास विभाग की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत द्वारा सामग्री क्रय एवं अन्य भुगतानों से जुड़े आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। समाधान ऑनलाइन में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की नलजल योजनाओं से संबंधित आवेदन एवं सभी विभागों के सीएम हेल्पलाइन में सौ दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। मार्च माह में दर्ज आवेदनों तथा 50 दिवस से अधिक समय से लंबित आवेदनों का तत्परता से निराकरण करें। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विभाग रैंकिंग में सी और डी श्रेणी में न रहे।

जिला स्तरीय नजूल समिति की बैठक आज

रीवा (कीर्तिप्रभा).. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नजूल समिति की बैठक 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश नजूल निवर्तन निर्देश 2020 के अन्तर्गत प्राप्त भू-आवंटन प्रकरणों में कार्यवाही की जायेगी। बैठक में समिति के सभी सदस्यों को अनिवार्य रूप से उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

उप मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री की सौजन्य भेंट

रीवा (कीर्तिप्रभा)5.उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने अपनी दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्रीं उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेट की। उप मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए सार्थक चर्चा की।

अम्बेडकर जयंती पर तीन कैदी हुए रिहा

रीवा (कीर्तिप्रभा) डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर राज्य शासन से सजा में छूट प्राप्त कर केन्द्रीय जेल रीवा से परिरूद्ध आजीवन कारावास के तीन बंदी रिहा हुए। जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय द्वारा बंदियों को श्रीफल, रिहाई प्रमाण पत्र के साथ-साथ पारिश्रमिक राशि की बैंक पासबुक प्रदान कर जेल में प्राप्त स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की विधा का उपयोग कर जीवन यापन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

जिला योजना समिति की बैठक 17 अप्रैल को

रीवा (कीर्तिप्रभा).. जिला योजना समिति की बैठक 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल करेंगे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन सड़क योजना, पेयजल, जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

स्कूल की फीस 10 प्रतिशत से अधिक बढ़े तो करें शिकायत

रीवा (कीर्तिप्रभा). जिले में संचालित सभी निजी स्कूलों द्वारा ली जा रही फीस का नियमन मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस विनियमन अधिनियम 2017 के तहत किया जाना अनिवार्य है। स्कूल संचालक एक वर्ष में अधिकतम 10 प्रतिशत ही फीस वृद्धि कर सकते हैं। इससे अधिक फीस लेना अधिनियम की धारा चार की उपधारा एक का उल्लंघन होगा। यदि निजी स्कूल संचालक 10 प्रतिशत से अधिक फीस सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना बढ़ाते हैं तो इसकी लिखित शिकायत कलेक्ट्रेट कार्यालय में दर्ज कराएं। फीस के संबंध में अपनी शिकायत और आपत्तियाँ विद्यार्थी अथवा उनके अभिभावक तथा आमजन कलेक्टर कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं।

जनसुनवाई में आमजनता के 68 आवेदन पत्रों में हुई सुनवाई

रीवा (कीर्तिप्रभा) आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने आमजनता के 68 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जन सुनवाई में जमीन के सीमांकन, भू अर्जन, नामांतरण, उपचार सहायता, पेंशन भुगतान, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवेदन पत्रों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में वंशगोपाल सिंह निवासी महसांव ने जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम गुढ़ को आवेदन पत्र में कार्यवाही के निर्देश दिए। राजकरण सिंह निवासी अमिलकी ने उन्हें छठवें और सातवें वेतनमान का लाभ देने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने उप संचालक पशुपालन को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय में आउटसोर्स संस्था कैपिटल इन्फोलाइन मार्केटिंग लिमिटेड में नर्स के रूप में कार्यरत श्रीमती सपना चौरसिया ने प्रसूति अवकाश के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने जिला श्रम पदाधिकारी को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जिला श्रम पदाधिकारी ने संस्था के संचालक से फोन पर निर्देश देकर प्रसूति अवकाश स्वीकृत कराया। संत प्रसाद चतुर्वेदी निवासी लक्ष्मणपुर ने सरकारी मार्ग से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। संतोष कुशवाहा निवासी मझगवां ने तहसीलदार द्वारा सीमांकन के संबंध में पारित आदेश का पालन कराने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सूरजदीन तिवारी निवासी पुरवा ने सीमांकन कराने, मनोज कुमार निवासी हटवा ने खसरे में सुधार तथा ऊषा देवी निवासी उमरी ने आम रास्ते से कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए।

जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले भर में हो रहे जल संरक्षण के कार्य

रीवा (कीर्तिप्रभा). रीवा और मऊगंज जिले में 30 मार्च से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। पुराने जल स्त्रोतों तथा तालाबों की साफ-सफाई एवं सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ खेत तालाब निर्माण, हैण्डपंपों तथा कुओं में रिचार्ज पिट बनाने का कार्य प्रत्येक विकासखण्ड में किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायत मऊ में खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। जनपद पंचायत जवा की ग्राम पंचायत जतरी में भी खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। ग्राम तेंदुआ में तीन कूपों में रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। यहाँ दो हैण्डपंपों में भी रिचार्ज पिट बनाए गए हैं। मऊगंज जिले की जनपद पंचायत मऊगंज के ग्राम पटपरा में उपयंत्री पवन गुप्ता की देखरेख में तीन ट्यबूवेलों में रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रीवा जिले की ग्राम पंचायत उसकी में महिला स्वसहायता समूहों ने गांव में जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली। इसके बाद महिलाओं ने तालाब की साफ-सफाई में श्रमदान किया। रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बंजारी में भी जल संरक्षण रैली निकाली गई साथ ही खेत तालाब का निर्माण शुरू किया गया। ग्राम पंचायत जनकहाई में श्री विनयशंकर मिश्रा के खेत में खेत तालाब का निर्माण शुरू

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम सभाओं का किया गया आयोजन

रीवा (कीर्तिप्रभा). जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी विकासखंडों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय के निर्देशन पर ग्राम सभाओं में सभी परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक, पंचायतों के सरपंच, सचिव, पंचायत सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं द्वारा सामाजिक पहलू से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में मुख्य रूप से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर चर्चा की गई। ग्राम सभाओं में उपस्थितजनों को बताया कि अधिनियम के तहत बालिका का विवाह 18 वर्ष के बाद एवं बालक का विवाह 21 वर्ष के बाद किया जाना चाहिए। ये न केवल उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है बल्कि इससे समस्त समाज का उत्थान भी संभव है। ग्राम सभा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना पर भी चर्चा की गई। योजना पर चर्चा करते हुए बताया गया कि बिना बेटी के समाज का अस्तित्व अधूरा है और शिक्षित एवं सशक्त बेटी से ही सशक्त समाज की कल्पना की जा सकती है। समाज को सशक्त बनाने में स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के महत्व पर भी चर्चा की गई। ग्राम सभा में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से कुपोषण को अपने ग्राम पंचायत से दूर करने तथा कुपोषण मुक्त ग्राम बनाने के लिए ग्रामीणों ने शपथ ली।

ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन के लिए विशेष अभियान 17 अप्रैल तक

रीवा (कीर्तिप्रभा).. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार संगठित व असंगठित क्षेत्रों के साथ-साथ सभी श्रेणियों के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी वितरण के लिए एक डेटाबेस ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया शासन द्वारा गिग/प्लेटफार्म वर्कस जैसे जोमेटो, स्विगी, ईंट श्योर, फूड पांडा, अमेजोन, फ्लिपकार्ट, बिग बॉस्केट, ग्रोफर, जेप्टों, ब्लिंकिट, बेस्ट प्राइस, मेट्रो, डी-मार्ट, ओला, उबर, जुगनू, रेपिडो आदि में कार्य करने वाले ऐसे कर्मचारियों को इस श्रेणी के श्रमिकों को संबल योजना से जोड़ा गया है। भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2025-26 में गिग/प्लेटफार्म वर्कस को कवर करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की है। इसके अलावा उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा और पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे।

आज से लू चलेगी, पहले-दूसरे सप्ताह में तेज गर्मी और बारिश

ऐसा रहेगा अप्रैल का दूसरा पखवाड़ा

.रीवा / भोपाल(कीर्तिप्रभा)

उत्तर-पश्चिमी हवाओं के जोर पकडने़ के साथ रीवा, , सागर,नर्मदापुरम संभागों में न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। पूरे प्रदेश में दिन में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। 2 से 3 दिन लू चल सकती है। हल्की बारिश होने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के लगातार जोर पकडने़ के साथ न्यूनतम तापमान पूरे प्रदेश में सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक यानि 27 से 30 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। दिन के साथ रातें भी गर्म हो जाएंगी रीवा संभाग और ग्वालियर, चंबल, सागर में पारा 43-45 डिग्री जबकि इंदौर, उज्जैन-भोपाल सहित बाकी प्रदेश में 41 से 44 डिग्री सेल्सियस तापमान रह सकता है। बंगाल क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अप्रैल के आखिरी में 3 से 4 दिन तक लू का असर रह सकता है।

अप्रैल के पहले और दूसरे सप्ताह में तेज गर्मी और बारिश का दौर बना रहा। पहले सप्ताह में सभी संभागों में सामान्य से 2-3 डिग्री ज्यादा 21-24 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, दिन में पश्चिमी गर्म हवाओं के कारण अधिकतम तापमान इंदौर, सागर और नर्मदापुरम संभागों में सामान्य से ज्यादा 39 से 44 डिग्री तक पहुंच गया। उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर समेत बाकी संभागों में यह 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। पहले सप्ताह रतलाम में लू चल चुकी है। वहीं, बाकी शहरों में गर्म हवाओं से गर्मी बढ़ी रही। दूसरे सप्ताह में पूरे प्रदेश में तेज आंधी, बारिश, ओले और गरज-चमक की स्थिति बनी रही।

प्रदेश के 80 प्रतिशत हिस्से में बारिश हुई। दूसरी ओर, कुछ जिलों में गर्मी का असर भी रहा।

अब हीट वेव चलेगी

अप्रैल-मई में हीट वेव का असर ज्यादा मध्यप्रदेश में मार्च से गर्मी के सीजन की शुरुआत हो जाती है। इसी ट्रेंड के अनुसार अगले 3 महीने तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने मई तक 15 से 20 दिन हीट वेव चलने का अनुमान जताया है। अप्रैल-मई में 30 से 35 दिन तक गर्म हवा चल सकती है। अप्रैल में दूसरे पखवाड़े में अलग-अलग जिलों में हीट वेव का असर देखने को मिलेगा। मध्यप्रदेश में 16 अप्रैल से हीट वेव यानी, लू का असर शुरू होगा। इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग के जिलों में लू चलेगी। वहीं पूर्वी हिस्से के 7 जिले-शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा में हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में मंगलवार को गर्मी का असर तेज रहेगा। यहां पारा 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है। बारिश और आंधी की गतिविधियों में थोड़ी कमी आएगी। प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिले। पांढुर्णा, बैतूल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिंगरौली, अनूपपुर, सीधी, सिवनी, रीवा आदि जिलों में बादल छाए रहे। कुछ जगहों पर बूंदाबांदी भी हुई है। दूसरी ओर, प्रदेश के बाकी के हिस्से में गर्मी का असर रहा। रतलाम में दिन का तापमान सबसे ज्यादा 42 डिग्री दर्ज किया गया। शाजापुर-धार में पारा 41 डिग्री, खंडवा में 40.5 डिग्री और नर्मदापुरम में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन सबसे गर्म रहा। यहां पारा 41 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 39.5 डिग्री, इंदौर में 39.7 डिग्री, ग्वालियर में 37.5 डिग्री और जबलपुर में तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

आज मौसम के दो रंग दिखेंगे

मौसम वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार रैकवार ने बताया कि अगले 2 दिन तक बारिश की गतिविधि रहेगी। 16 अप्रैल को कुछ जिलों में हल्की बारिश होने के आसार हैं, जबकि 11 जिलों में लू का अलर्ट है। 17 और 18 अप्रैल को भी लू चलने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संतोष कुमार मिश्र द्वारा अदिति प्रिंटर्स, वि. वि. मार्ग खुटेही रीवा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक-* संतोष कुमार मिश्र , * स्थानीय संपादक-योगराज तिवारी, आर.एन.आई. नं. 69841/98
प्रधान कार्यालय रीवा- फोन एवं फैक्स नं. 07662-292777,9425330073,9229876961 Email- samacharrewa@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।